हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 42.6 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री



बुधवार को रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में गाय पहुंच गई जिससे हंगामा मच गया।

## खबर संक्षेप

### निगम का विशेष सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** नगर निगम का विशेष सम्मेलन 30 अप्रैल की शाम 4 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगा। अधिनियम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित महत्वपूर्ण संशोधनों के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने निंदा प्रस्ताव रखा जाएगा। निगम सभापति द्वारा बुलाए गए इस सम्मेलन की विषय सूची में इंडिया गठबंधन की महिला विरोधी मानसिकता की घोर निंदा की गई है। सभापति की ओर से कहा गया है कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने वाले इस अहम कदम को संसद में अवरूद्ध किया गया। सभापति द्वारा जारी इस पत्र में कहा गया है कि आवश्यक संशोधन मातृशक्ति का संसद और विधानसभाओं में 33 % आरक्षण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होता, किन्तु इंडिया गठबंधन में इसका विरोध किया। सभापति ने कहा है कि जब तक नारी शक्ति को नीति-निर्माण में उनका उचित एवं संवैधानिक अधिकार नही मिल जाता, हम इस विषय पर अपनी निंदा और विरोध दर्ज कराते रहेगे।

### एयू ने घोषित किए सेमेस्टर परीक्षा परिणाम

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा यूनिवर्सिटी शिक्षण विभाग के विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर 2025 के परिणाम घोषित किए गए हैं। इनमें एमएससी बायोटेक्नालाजी फर्स्ट सेमेस्टर, बीएससी आनर्स फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलाजी फर्स्ट एवं थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। इसी तरह यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर परीक्षा मास्टर ऑफ एजुकेशन थर्ड सेमेस्टर, एमएससी केमेस्ट्री थर्ड सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोलाजी थर्ड सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए हैं। इसके अलावा मुख्य परीक्षा 2026 की बीएससी होम साइंस पार्ट थर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। ये सभी परीक्षा परिणाम अटल यूनिवर्सिटी के वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

### निगम के जवाब से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं

**बिलासपुर ।** स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़ के मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट निगम के जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। निगम आयुक्त बिलासपुर को नया शपथपत्र देने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई समर वेकेशन के बाद रखी है। ध्यान रहे की मीडिया में आई खबर में बताया गया था कि नाली बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली स्टील की रॉड से बनी लोहे की छड़ें स्कूल कैंपस में रखी गई हैं, जो स्कूली बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं। इससे न केवल उनकी पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, बल्कि उनकी सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। दरअसल सिरगिट्टी म्युनिसिपल एरिया के वार्ड नंबर 12 में बन्नक चौक पर नाली बनाने का काम चल रहा है, यहां, लोहे की छड़ों की ज़रूरत है। बन्नक चौक पर मौजूद सरकारी प्राइमरी स्कूल के कैंपस के अंदर यह सब अस्त-व्यस्त तरीके से रखा गया है। इस स्कूल में क्लास एक से पांच तक के बच्चे पढ़ते हैं। जिस तरह से लोहे की छड़ें रखी गई हैं, उससे बच्चों के लिए गंभीर खतरा है, वे न सिर्फ इस एरिया में खेलते हैं बल्कि सुबह की प्रार्थना के लिए भी यहीं इकट्ठा होते हैं, ऐसे में ये खतरनाक हो सकती है। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने बताया था कि चारदीवारी न होने के कारण, ठेकेदार ने बिना किसी अनुमति के, लोहे की छड़ों का जाल वहाँ रख दिया था। शनिवार सुबह स्कूल प्रधानाध्यापिका ने स्कूल परिसर से लोहे की छड़ों को हटवा दिया। हाईकोर्ट ने नगर निगम आयुक्त से शपथपत्र पर जवाब माँगा था । आज पेश जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर चीफ जस्टिस की डीबी ने निगम आयुक्त बिलासपुर को नया शपथपत्र देने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई समर वेकेशन के बाद रखी है ।

# बारात में शराब पीकर पहुंचा दूल्हा, दुल्हन ने शादी करने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपनी ही बारात में दूल्हा शराब पीकर शादी के मंडप में पहुंच गया। शराबी दूल्हे की हरकत देखकर दुल्हन ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया। शादी के खर्च को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया और पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों द्वारा आधा खर्च वहन करने पर विवाद शांत हुआ।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, ग्राम कोरमी निवासी राजू मांडले पिता रामखिलावन मांडले की बारात 27 अप्रैल को कसडोल गई थी। बाजे गाजे के साथ दूल्हा बारात लेकर मंडप में गया। बारातियों के साथ उसने भी छककर शराब पी। बारात मंडप में पहुंची और शादी कार्यक्रम के दौरान दूल्हा शराबियों जैसी हरकतें करने लगा। दुल्हन ने उसकी हरकत देख शादी करने से इनकार कर दिया, जिससे मंडप में दूल्हा व दुल्हन पक्ष में हड़कंप मच गया। दुल्हन के माता पिता व परिजन ने शादी करने से इनकार कर शादी में हुए खर्च की मांग करने लगे। इससे दूल्हा पक्ष के लोगों ने अपने घर में फोन कर घटना की जानकारी दी और बारातियों को बंधक बना लेने की बात कही। दूल्हे के दादा मनीराम मांडले ने रात में सिरगिट्टी थाना पहुंचकर बारातियों को बंधक बना लेने की शिकायत की। टीआई किशोर केंवट ने घटना की जानकारी कसडोल पुलिस को घटना के बारे में बताया। कसडोल पुलिस शादी मंडप में पहुंची तो दुल्हन पक्ष के लोगों ने टीआई श्री केंवट से बारातियों की बात कराई, बारातियों ने बताया कि उन्हें बंधक नहीं बनाया गया है। उन्होंने गलती स्वीकार करते हुए कहा दूल्हे ने शराब पी ली थी, जिससे दुल्हन ने शादी करने से इनकार कर दिया। उनके द्वारा शादी में खर्च हुए रुपए की मांग की जा रही है। रात दूल्हा व दुल्हन पक्ष के लोगों ने आपस में बैठककर शादी में हुआ खर्च आधा आधा वहन करने की बात कर समझौता कर लिया।



■ दोनों पक्षों द्वारा आधा खर्च वहन करने पर हुआ समझौता, मामला पुलिस तक पहुंचा

### दादा ने की बंधक बनाने की शिकायत

27 अप्रैल को कोरमी से कसडोल बारात गई थी। दूल्हे के शराब पी लेने से दुल्हन ने शादी करने से मना कर दिया। रात में दूल्हा के दादा ने थाने में बारातियों को बंधक बना लेने की शिकायत की। कसडोल पुलिस को जानकारी देकर शादी मंडप में भेजा गया था।

**- किशोर केंवट** सिरगिट्टी टीआई

## पुरानी रंजिश में बारातियों से मारपीट कर पथराव, 6 घायल

पुरानी रंजिश में बारातियों से मारपीट कर जमकर पथराव किया गया। पत्थर लगने से 6 बाराती घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, तखतपुर कुंआ निवासी सिविल इंजीनियर कृष्ण कुमार कौशिक पिता श्याम सुन्दर 28 अप्रैल 2026 को ग्राम कुंआ निवासी नरेन्द्र कौशिक की बारात में चकरभाठा उत्तम इन गए थे। रात 12 बजे वे भोजन कर रहे थे। इसी दौरान रोहन कौशिक, राहुल कौशिक, रवि कौशिक, अपने अन्य साथियों के साथ आया और 26 अप्रैल को सम्बलपुरी सकरी में बारात के दौरान हुए झगड़े की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए बारातियों पर पथराव कर दिया, जिससे मंडम में बारातियों के बीच हड़कंप मच गया। पत्थर लगने से पुष्पेन्द्र कौशिक, तुलसी ध्रुव, लोकेन्द्र ध्रुव, शरद कौशिक, प्रदीप कौशिक व शादी कराने आए महराज को चोट आई है। पुलिस ने इंजीनियर की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम जिले के लिए अपेक्षाकृत निराशाजनक रहा

# 10वीं में बेटियां रहीं आगे, 12वीं में जिले से मेरिट में कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड जारी कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम जिले के लिए अपेक्षाकृत निराशाजनक ही रहा है। हालांकि 10 वीं कक्षा की टॉप-10 मैरिट सूची में जिले से पांच छात्रों को स्थान मिला है लेकिन 12वीं कक्षा में एक भी विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में शामिल नहीं हो सका। जिले का कुल परीक्षा परिणाम भी पिछले साल की तुलना में कम ही रहा है। पिछले साल जहाँ कक्षा 12वीं में जिले के 82.87 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा पास किया था, तो वहीं इस साल यह घटकर 79.15 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इसी तरह कक्षा दसवीं में पिछले साल 75.60 प्रतिशत बच्चे पास हुए थे, जबकि इस साल 65.30 प्रतिशत परिणाम रहा।

गौरतलब है कि इस बार की बोर्ड परीक्षा में जिले से 37 हजार 194 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसके लिए कुल 131 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। इसमें 10 वीं में 22447 छात्र और 12 वीं में 15312 छात्रों ने परीक्षा दी थी। ध्यान रहे कि माशिमं ने एक दिन पहले ही कह दिया था कि बुधवार की दोपहर रिजल्ट जारी होंगे। इसे लेकर परीक्षा परिणाम पर हजारों परिवारों की नजर टिकी थी। अब 10वीं के छात्र जहां विषय चयन और आगे की पढ़ाई की दिशा तय करेंगे, वहीं 12वीं के छात्र कॉलेज एडमिशन और करियर की अगली तैयारी में जुटेंगे।



■ 12वीं का कुल रिजल्ट पिछले साल के 82 .87 से गिरकर 79 .15 प्रतिशत दर्ज किया गया

■ दसवीं में पिछले साल 75 .60 प्रतिशत बच्चे पास थे, जबकि इस साल 65 .30 प्रतिशत परिणाम

### 10वीं की मेरिट में बेटियों का दबदबा

10वीं की टॉप-10 सूची में नवीन कन्या आवासीय विद्यालय की दो छात्राओं, लीना साहू और मौसमी पटेल ने 98%-98% अंक हासिल कर सातवां स्थान हासिल किया है। प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर से विभा पैकरा ने 97.83 अंक के साथ आठवां स्थान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी महाविद्यालय सीपत की छात्रा माही कश्यप ने 97.67 अंकों के साथ नौवां स्थान हासिल किया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चकरभाठा की छात्रा नैंसी ठाकुर ने 97.50 अंकों के साथ दसवां स्थान हासिल किया है। यानी टॉप-10 सूची में बेटियों ने बाजी मारी है। हालांकि 12 वीं में जिले का एक भी स्टूडेंट टाप 10 में नहीं है।

### 10 वीं में 5668 पास, 3376 फेल भी

बुधवार को जारी परिणाम में 10 वीं में कुल 10029 लड़कों में से 9713 ने परीक्षा दी थी। इसमें से 5668 पास हुए हैं जबकि 602 छात्र पूरक और 3376 फेल हुए हैं। 10 में कुल 12418 लड़कियां थी जिसमें से 12246 ने परीक्षा दी। इसमें से 8600 छात्राएं पास हुईं तो 869 पूरक और 2733 छात्राएं फेल हुईं हैं। लड़कों के पास का प्रतिशत 58.76 रहा तो 70.48 प्रतिशत लड़कियां पास हुईं हैं। कुल मिलाकर 10वीं 22447 स्टूडेंट में से 21959 शामिल हुए थे। इसमें 14268 पास हुए तो 1471 पूरक और 6109 फेल हुए हैं।

### 12वीं में 73.31 फीसदी छात्र और 83.65 फीसदी छात्राएं पास

12 वीं की परीक्षा में कुल 15312 छात्रों ने परीक्षा दी। इसमें से 11995 स्टूडेंट पास हुए हैं तो 1530 फेल और 1621 को पूरक की पात्रता मिली है। 12 वीं में कुल 6625 छात्रों ने परीक्षा दी इसमें 4786 पास हुए तो 930 फेल और 812 को पूरक की पात्रता मिली है। कुल 8687 छात्राओं ने परीक्षा दी। इसमें से 7209 पास हुई हैं तो 600 फेल और 809 को पूरक की पात्रता मिली है।

# रिटायर्ड प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 5 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर्ड प्राध्यापक को डिजिटल अरेस्ट कर टेरर फंडिंग का आरोप लगाते हुए डराया धमकाया गया और 1 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

रेंज साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई निवासी प्रशांत श्रीवास्तव पिता बृजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव 60 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे एचआर कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में डायरेक्टर हैं। उनकी मां रमन श्रीवास्तव वर्ष 2022 से रियल हैवेन शांति नगर मंगला चौक में रह रही हैं। वे बीच बीच में अपनी मां का हालचाल लेने आते रहते हैं। उनकी मां वर्ष 2005 में डीपी विप्र कालेज से प्राध्यापक के पद से सेवा निवृत्त हुई हैं। 27 अप्रैल को उनकी मां ने उन्हें फोन कर बताया कि 20 अप्रैल 2026 को उनके मोबाइल दोहपर 1.30 बजे अज्ञात व्यक्तिने वाट्सएप मोबाइल नम्बर से मैसेज किया, जिसमें संजय पीएसआई लिखा था। उसके बाद तुरंत वीडियो काल कर कहा कि आप टेरेरिस्ट ग्रुप में शामिल हो और उन्हें पैसा भेजने में मदद कर रही हो, जिसके लिए जेल जाना होगा। उसके बाद 3.10 बजे फिर उन्हें वीडियो काल कर परिवार के विषय में एवं बैंक खातों, पैसा के बारे में जानकारी लेकर 2 घण्टा 16 मिनट तक धमकाया, उसने कहा कि अरेस्ट से बचना है तो उनके बताए बैंक खातों में सारे पैसा जमा करना होगा। अगर अपने बेटे या किसी और से बात करने की कोशिश की तो उन्हें भी इस केस में फंसा दिया जाएगा। आपके बेटे और पोतों का भी फोन टेप हो रहा है। उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सकता है।



■ ठगों ने टेरर फंडिंग का लगाया झूठा आरोप

■ पुलिस कर रही मामले की जांच

### चार बैंक खातों जमा किया पैसा

धमकी से डर कर श्रीमती श्रीवास्तव ने आरटीजीएस के माध्यम से बताए गए बैंक खाते में 20 लाख 20 हजार रुपए जमा कर दिया। इसी तरह उन्हें डराकर अलग अलग किश्तों में 4 बैंक खातों में 1 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपए जमा करा लिया गया है और 50 लाख रुपए जमा करने के लिए धमकी दी जा रही है। उन्होंने अपने बेटे से 50 लाख रुपए मांगा तब उनके बेटे को जानकारी हुई। वे फ्लाईट से बिलासुपर आए और उन्हें डिजिटल अरेस्ट होने की जानकारी दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 66 सी, 66 डी, 308,6, 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बैन आर्गेनाइजेशन में फंडिंग का दिखाया भय

ठग ने अभी सिर्फ आपके नाम पर वारंट है, कहकर एक कम्पलेंट का क्राइम ब्रांच के डिजिटल सिग्नेचर का नोटिस भेजा। एक पीएफआई आर्गेनाइजेशन के संबंध में एक फोटो भेजकर कहा कि आप इसे ही फंड कर रही हो, उसने कैनरा बैंक के एकाउंट का एक डेबिट कार्ड और बैंक स्टेटमेंट की कापी भेजा, जिसमें उनकी मां रमन श्रीवास्तव लिखा था। अपने नाम की डेबिट कार्ड को देखकर उनकी मां डर गईं। ठग ने सुप्रीम कोर्ट का नोटिस भेजकर कहा कि आप सस्पेक्ट हैं। उसने कहा कि स्टेटमेंट पर सुप्रीम कोर्ट तुमको आजीवन कारावास का सजा सुना देगा, आपको थाना हाजरी देनी होगी।

### नोटिस भेजकर अरेस्ट करने की धमकी

21 अप्रैल को पीड़ित की मां को ईडी का नोटिस भेजा गया, जिसमें कहा गया था कि उनकी फोटो के साथ कि पीएमएलए में उन्हें दोषी पाया गया है, फिर से अरेस्ट करने की धमकी देकर कहा कि आरबीआई का नोटिस भेजकर सारे फंड आरबीआई के जांच के लिए ट्रांसफर करना होगा और सारी प्रापर्टी ज्वेलरी जमा करनी होगी। ईडी और रिजर्व बैंक के आदेशानुसार अगर पैसा ट्रांसफर नहीं किया तो पुलिस आकर अरेस्ट करके नासिक जेल में बंद करेगी।

## विवाद के बाद सीयू प्रबंधन ने सुरक्षा प्रभारी को हटाया

**बिलासपुर।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी में हुए विवाद के बाद सुरक्षा प्रभारी सीमा राय को हटा दिया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बुधवार शाम आदेश जारी कर उनकी जगह पर फिजिकल एजुकेशन के प्राध्यापक भोजराम रावटे को सुरक्षा प्रभारी बनाया है।

■ फिजिकल एजुकेशन के प्राध्यापक रावटे को दिया प्रभार

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के सुरक्षा प्रभारी को हटाए जाने को लेकर यह चर्चा है कि हास्टल विवाद मामले के बाद सुरक्षा संबंधी चूक के चलते उन्हें हटाया गया है। दूसरी तरफ यह भी कहा जा रहा है कि इस घटना के बाद स्वास्थ्य कारणों से सीमा राय ने स्वयं सुरक्षा प्रभारी का पद छोड़ने की इच्छा जताई थी। अब उनकी जगह पर प्राध्यापक भोजराम रावटे यूनिवर्सिटी के सुरक्षा प्रभारी होंगे। दो दिन पहले ही सुरक्षा में चूक के कारण यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सीमा राय को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह पूरा मामला हास्टल के छात्रों के बीच आपत्तिजनक धार्मिक चेटिंग से जुड़ा है। हास्टल में विवाद के बाद यूनिवर्सिटी ने चार छात्रों को हास्टल से निष्कासित कर दिया है और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। यूनिवर्सिटी की कमेटी भी मामले की जांच कर रही है।

## पनीर, दही और दूध विक्रेताओं की जांच

**बिलासपुर।** सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में 15 दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत आज बिलासपुर शहर के विभिन्न पनीर, दही एवं दूध विक्रेता प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तेलीपारा स्थित जैन लस्सी से लस्सी का नमूना जांच के लिए संग्रहित के साथ ही अन्य विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने विक्रेताओं को दुकान एवं खाद्य सामग्री की साफ-सफाई बनाए रखने, हैंड ग्लव्स एवं हेड कवर पहनने, खाद्य लाइसेंस प्रदर्शित करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री विक्रय करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। टीम ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

■ सही दवा-शुद्ध आहार अभियान

## अधिकतम तापमान में जारी रहेगी गिरावट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अधिकतम तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी से अब फिलहाल कुछ राहत मिल सकेगी। मौसम विभाग के अनुसार सिस्टम के प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक न केवल अधिकतम तापमान में लगातार कमी आएगी, वहीं इस बीच कहीं-कहीं आंधी, बारिश एवं वज्रपात भी संभव है।

शहरवासियों को अभी कुछ दिनों तक भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। बीते दिनों लगभग 44 डिग्री तक चढ़ चुके अधिकतम तापमान में भी अब कुछ गिरावट देखने को मिलेगी। शहर में बुधवार को वैसे तो पूरे दिन धूप निकली रही, लेकिन पिछले कुछ दिनों की तुलना में धूप में चुभन कुछ कम थी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में गुरूवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना बताई गई है। इसी तरह प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट का सिलसिला अभी लगातार बना रह सकता है।

■ मौसम विभाग ने जाहिर की बारिश एवं वज्रपात की संभावना

### क्या कहता है मौसम विभाग?

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसी तरह एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश से नागालैंड तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और तेलंगाना के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश से उत्तर पूर्व बांग्लादेश तक झारखंड और गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### 70 लाख के जेवर चोरी का मामला, फर्जी क्राइम ब्रांच सिपाही बनकर डराया

# बच्चों को डराने वाले शिकायतकर्ता सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर से 70 लाख की जेवर चोरी करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस को पता चला है कि शिकायतकर्ता अन्य साथियों के साथ फर्जी पुलिसकर्मी बनकर बेटे के नाबालिग दोस्तों को जेवर लौटाने के लिए डरा धमका कर प्रताड़ित करता रहा। बात नहीं बनने पर वह थाने में चोरी की शिकायत करने गया था। पुलिस ने शिकायतकर्ता व तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पिछले दिनों आसमां सिटी निवासी सतीश मिश्रा ने सकरी थाने में लिखित शिकायत की। इसके अनुसार उसके नाबालिग बच्चे को डरा धमकाकर उसके नाबालिग दोस्तों ने 70 लाख के जेवर चोरी करना बेच दिया है। कार्रवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने प्रेस क्रांफेस कर सकरी पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। उसके बाद दूसरे पक्ष के नाबालिग बच्चों के परिजन सामने आए। एक नाबालिग बच्चे की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, इसके अनुसार शिकायतकर्ता सतीश मिश्रा उनके नाबालिग बच्चे को अपने घर ले जाकर चोरी के जेवर लौटाने के लिए डराया धमकाया। बच्चों को डराने के लिए सतीश मिश्रा ने अपने बेटे को बेल्ट से मारा। उसके चार दिन बाद फिर सतीश मिश्रा ने उनके नाबालिग बच्चे को अपने घर ले जाकर अपने चार दोस्तों को क्राइम ब्रांच वाले बताकर कार्रवाई करने की धमकी दी। वे पुलिस लिखी दो गाड़ियों में सभी बच्चों को पुलिस लाइन लेकर आए, कुछ देर कार्रवाई कर डरा दिखाने के बाद नेहरू चौक के पास छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 140, 3, 3, 5, 308, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी सतीश मिश्रा, योगेश पाण्डेय उर्फ भूरू शारदा विहार सकरी, आशीष शर्मा मंगला अभिषेक विहार, प्रभात ठाकुर बंधवापारा सरकण्डा निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं उनका एक साथी विनय साहू फरार है।



गिरफ्तार आरोपी

### कोटा में की थी वसूली

टीआई श्री चौधरी ने बताया, पकड़े गए आरोपी योगेश पाण्डेय, आशीष शर्मा, प्रभात ठाकुर व फरार आरोपी विनय साहू पूर्व में कोटा थाना में एक व्यक्ति से फर्जी क्राइम ब्रांच सिपाही बनकर वसूली करने के मामले में गिरफ्तार हुए थे। पकड़े गए सभी आरोपी पहले थानों व पुलिस अधिकारियों के पास चलने वाली प्राइवेट गाड़ियों के ड्राइवर थे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन का शुभारंभ

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के रायगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं 1 पर ठंडे पेय पदार्थों हेतु



ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन का शुभारंभ किया गया है। यह पहल रेलवे की यात्री-केंद्रित एवं तकनीक-आधारित सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन के माध्यम से अब यात्रियों को ठंडे पेय पदार्थ खरीदने के लिए स्टॉल पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री स्वयं इस मशीन का उपयोग कर अपनी सुविधा अनुसार कोका-कोला ब्रांड के विभिन्न ठंडे पेय पदार्थ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे दैनिक एवं लंबी दूरी के यात्रियों को समान रूप से लाभ मिलेगा। इस पहल से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलने के साथ ही चिल्हर और ओवर चार्जिंग की समस्या भी दूर होगी।

### रेल यात्रा वृत्तांत पर अखिल भारतीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता

**बिलासपुर।** रेलकर्मियों सहित जनसाधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने व हिंदी के प्रति रूची उत्पन्न करने एवं रेलवे की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय द्वारा रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना, प्रारम्भ की गई है। इस योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक रेल यात्रा से संबंधित संस्मरण रेल यात्रा वृत्तांत विषय पर न्यूनतम 3000 से अधिकतम 3500 शब्दों में एक निबंध टाइप कराकर दो प्रतियों में 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिन्दी प्रशिक्षण, कमरा नम्बर 316, काफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली पर भेज सकते हैं। इसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 8000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 6000 रुपए एवं 5 प्रेरणा पुरस्कार प्रत्येक के लिए 4000 रुपए निर्धारित किए गए हैं।

### रेल कर्मचारियों व उनके परिजन का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के मार्गदर्शन में बुधवार को मंडल के रेलवे चिकित्सालय में कर्मचारी शिकायत निवारण एवं बहुद्देशीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशयनों द्वारा जांच की गई। 266 कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। 9 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 26 बालिकाओं को एचपीवी के टीके एवं 42 कर्मचारियों को टिटनेस के टीके, 45 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं केंसर स्क्रीनिंग तथा 59 कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान कर्मचारियों के रक्तचाप, मधुमेह, हाइट व वेट जांच के साथ ही विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई तथा दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई । डाक्टरों की टीम द्वारा विभिन्न बीमारियों के लक्षण, प्रकार, इससे होने वाली हानि तथा परहेज करने के अलावा अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारियां भी दी गई।

### रेलवे की स्पेशल टीम ने खोया बैग किया बरामद

**बिलासपुर।** रेलवे के वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम की तत्परता एवं मुस्तैदी से एक यात्री का खोया हुआ बैग सुरक्षित रूप से बरामद कर उसे वापस सौंप दिया गया। यात्री उमेश राठौर किसी ट्रेन से बिलासपुर स्टेशन पहुंचे थे। उनके पास अधिक सामान होने के कारण वे प्लेटफॉर्म से बाहर निकलते समय गेट नंबर 1 से अपने वाहन की ओर गए और अन्य सामान वाहन में रख लिया, लेकिन उनका एक बैग अनजाने में स्टेशन परिसर में ही छूट गया। घर पहुंचने पर बैग के गुम होने का एहसास होने पर वे तत्काल स्टेशन वापस आए और वाणिज्य विभाग की स्पेशल सेल से संपर्क किया। सूचना प्राप्त होते ही वाणिज्य विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए स्टेशन परिसर में सघन खोज अभियान चलाया। टीम के प्रयासों से उक्त बैग स्टेशन के रैंप के समीप सुरक्षित अवस्था में बरामद कर लिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने टीम के सदस्यों की तत्परता एवं सजगता की सराहना करते हुए कहा कि स्पेशल टीम आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए यात्रियों की हर संभव सहायता करने का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

### नहर से पानी चुराकर सिंचाई की तो पड़ेगा महंगा, सिंचाई अमला तैनात



**बिलासपुर।** सिंचाई विभाग द्वारा गांवों के निस्तारी तालाबों को भरने के उद्देश्य से 25 अप्रैल से खूंटाघाट बांध की नहरों में पानी छोड़ा गया है। इस दौरान गर्मी के धान की फसल की सिंचाई के लिए नहर में मोटर पंप लगाकर सिंचाई करने वालों पर खास नजर रखी जाएगी। इसके लिए सिंचाई विभाग का अमला जमीनी स्तर पर तैनात किया गया है। इस दौरान अवैध तरीके से फसल की सिंचाई करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी है। भीषण गर्मी के बीच सिंचाई विभाग द्वारा राहत देते हुए खारंग जलाशय के दोनों गेट खोल दिए गए हैं। 25 अप्रैल से खोले गए खारंग के जिले के 107 गांवों के 211 तालाबों को भरने तक खुले रहेंगे।

राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष रहाटकर ने दी सलाह

# अंधश्रद्धा व अंधानुकरण से बचकर रहें महिलाएं

- नासिक की घटना को बताया शर्मसार करने वाली
- हर साल एक लाख से अधिक मामले आ रहे आयोग में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने नासिक की बाबा अशोक खराट घटना को शर्मसार करने वाला बताते हुए महिलाओं को सलाह दी है कि वे सोच-समझकर विश्वास करें व अंधश्रद्धा और अंधानुकरण से बचें। क्योंकि अंधश्रद्धा हमेशा नुकसान करता है।

राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर आयोग की सुनवाई के लिए बिलासपुर पहुंची। इस दौरान कलेक्टोरेट में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि नासिक की घटना को राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान में लिया है और फैक्ट फाईडिंग कमेटी भी बनाई है और पुलिस भी अपना काम कर रही है। यह शर्मसार करने वाली घटना है और महिलाओं को जागरूक करने की जरूरत है कि वे विश्वास सोच-समझकर रखें और अंधश्रद्धा एवं अंधानुकरण से बचें, क्योंकि अंधश्रद्धा से हमेशा नुकसान होता है। महिला आरक्षण बिल को लेकर श्रीमती रहाटकर का कहना है कि वे राजनीति पर बात नहीं करेंगी, किन्तु महिला आरक्षण मिलना चाहिए। उनका कहना है कि हमारे देश की महिलाएं केवल सहभागिता देने वाली नहीं है, बल्कि नेतृत्वकर्ता रही और हमेशा समाज का नेतृत्व किया है, चाहे वह झांसी की रानी हो, अहिल्याबाई होलकर या सावित्री फुले जैसी महिलाएं समाज का नेतृत्व किया है। महिला आरक्षण की दिशा में प्रयास अच्छा हुआ था और होना चाहिए, क्योंकि अनेक दशक से महिलाएं इंतजार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि देशभर से हर साल राष्ट्रीय महिला आयोग के पास एक लाख से अधिक महिलाओं से संबंधित मामले आते हैं। हर महिला दिल्ली नहीं आ सकती है इसलिए आयोग खुद उनके पास सुनवाई करने जा रही है। इसी सोच के साथ जनसुनवाई मॉडल को विस्तार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश के किसी एक राज्य को महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि हर प्रदेश की परिस्थिति अलग-अलग है और जहां विकृति है वहां अपराध है।



### सुनवाई के बाद 58 प्रकरणों पर कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर की उपस्थिति में आज जल संसाधन विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा कक्ष में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, साइबर अपराध, पारिवारिक विवाद तथा सामाजिक उत्पीड़न से जुड़े कुल 58 प्रकरण प्राप्त हुए। राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राप्त प्रकरणों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों, पुलिस विभाग, नवा बिहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला थाना एवं सखी वन स्टॉप सेंटर को हस्तांतरित किया गया। साथ ही सभी प्रकरणों में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तैयार कर राष्ट्रीय महिला आयोग को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए। श्रीमती रहाटकर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

### महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता

राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्षा श्रीमती विजया रहटकर ने महिला सुरक्षा, उत्पीड़न और शिकायतों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक ली। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित महिला एवं बाल विकास, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महिलाओं से संबंधित



अपराध, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, बाल विवाह, मानव तस्करी, टोनही प्रथा और सामाजिक बहिष्कार, साइबर अपराध और महिला हेल्पलाइन से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष ने महिला उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई, समयबद्ध जांच और पीड़िताओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा नियमित निगरानी, त्वरित शिकायत पंजीयन और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त की जा रही है।

### यशोदा एआई प्रशिक्षण से महिलाओं को डिजिटल दक्षता की नई दिशा

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में स्व सहायता समूह की महिलाओं दीदियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यशोदा एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी एवं एडिशनल




एसपी रश्मित कौर चावला, आयोग के डिप्टी डायरेक्टर रामअवतार सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने कहा कि महिला आयोग द्वारा अब तक 31 कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें हजारों स्व सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। छत्तीसगढ़ की महिलाएं स्व सहायता समूहों के माध्यम से लगातार आगे बढ़ रही हैं और अपने परिवार की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं।

## एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष में 754 भू-स्वामियों को दिया रोजगार

**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल ने हाल ही में समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार नीति के अंतर्गत 754 पात्र भू-स्वामियों को नियमानुसार रोजगार प्रदान किया है।

इसी क्रम में एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार से संबंधित प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय स्थायी समीक्षा समिति का गठन किया है। यह कदम कंपनी की सतत सतर्कता एवं सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एसईसीएल द्वारा 300 हेक्टेयर से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र परिवारों को कंपनी की स्थापित नीतियों के अनुसार लाभ प्रदान किया जाना है। इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। कंपनी की ओर से जारी आदेश के तहत समिति में महाप्रबंधक भू-राजस्व, एसईसीएल मुख्यालय को अध्यक्ष तथा महाप्रबंधक योजना-परियोजना एवं महाप्रबंधक श्रम शक्ति को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। समिति का दायित्व प्राप्त आवेदनों एवं दस्तावेजों की जांच, शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष परीक्षण तथा आवश्यक अनुशंसाएं सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

एसईसीएल सदैव पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नियमों के अनुपालन के उच्च मानकों का पालन करता रहा है। समिति का गठन एक एहतियाती एवं प्रणाली सुदृढ़ीकरण का कदम है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी प्रकार के अनियमित प्रयासों का प्रभाव वास्तविक हितग्राहियों के अधिकारों पर न पड़े। हाल के समय में कर्मचारियों के विरुद्ध आधारहीन अथवा भ्रामक शिकायतों के कुछ मामले भी संज्ञान में आए हैं। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी प्रकार की दुर्भावनापूर्ण या तथ्यों से परे शिकायतों के विरुद्ध कंपनी आवश्यकतानुसार समुचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु इच्छुक व्यक्ति बिलासपुर स्थित एसईसीएल मुख्यालय में महाप्रबंधक भू-राजस्व कार्यालय से पत्राचार के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

## आधारशिला विद्या मंदिर में फायर सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम

**बिलासपुर।** जेसीआई बिलासपुर स्टार कैपिटल द्वारा आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेष रूप से सैनिक स्कूल के छात्रों को अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता तथा फायर सेफ्टी उपकरणों के सही उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम राष्ट्रगान के साथ की गई, जिससे पूरे वातावरण में अनुशासन एवं देशभक्ति का भाव उत्पन्न हुआ। इस अवसर पर जेसीआई के अध्यक्ष जेसी प्रतिक गांधी, सचिव जेसी रुचिका अग्रवाल एवं संयुक्त कोषाध्यक्ष जेसी रौनक अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलकित अग्रवाल सर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिनका योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म, इमरजेंसी एग्जिट सहित अन्य आवश्यक उपकरणों के महत्व एवं उनके उपयोग को विस्तारपूर्वक समझाया गया। लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराना नहीं चाहिए, बल्कि शांत रहकर समझदारी से कार्य करना चाहिए। धुएं में उपस्थित जहरीली गैसों से बचने के लिए मुंह और नाक को गीले रुमाल या कपड़े से ढकना चाहिए तथा झुककर या घुटनों के बल चलते हुए सुरक्षित स्थान तक पहुंचना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति आग में फँस जाए तो सबसे पहले स्वयं को गीला कर लेना चाहिए, जिससे सुरक्षा मिल सके। विद्यालय के चेयरमेन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम उन्हें जीवन की आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करते हैं। डायरेक्टर एसके जनस्वामी ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है।



एजुकेशन प्लस

प्राचार्या श्रीमती जीआर मधुलिका ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी बताया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सक्रिय सहभागिता से इसे अत्यंत प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक बनाया।

## चेतना महोत्सव' की धूमः सजी कला सम्मान और जागरूकता की महफिल




**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर आयोजित "चेतना महोत्सव एवं प्रशिक्षण कार्यशाला" का आयोजन चेतना हॉल में किया। इस आयोजन ने शहर को कला, संस्कृति और सामाजिक चेतना के रंगों से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में एसएसपी रजनेश सिंह, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक, पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ चंद्रभूषण बाजपेयी, प्रो श्याम लाल निराला, कथक गुरु वासन्ती वैष्णव एवं सुनील वैष्णव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। युवा कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्राख्या खंडेलवाल, नित्या शुक्ला, केतन सिंह राठौर, अश्विका साव, उद्धव ठक्कर भरतनाट्यम प्रस्तुति दी। "चेतना हीरो" से राष्ट्रपति पदक से शैलेंद्र सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया,चेतना स्पोर्ट्स आइकन – 2026" से रुद्र प्रताप सिंह को नवाजा गया। आयोजन के अंत में पंकज खंडेलवाल एवं मयूरी खंडेलवाल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एएसपी पंकज पटेल, एएसपी मधुलिका सिंह यातायात एएसपी रामगोपाल करियारे, डीएसपी मंजुलया केरकेट्टा, आर आई भूपेन्द्र गुप्ता,सुरेंद्र वर्मा, दीपक मिश्रा और तरुण मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### उच्चभिट्टी समपार फाटक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु बंद

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत किरोड़ीमलनगर यार्ड में स्थित मानव सहित समपार उच्चभिट्टी फाटक को 1 से 5 मई तक केवल रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक बीसीएम डीप स्क्रीनिंग मरम्मत कार्य करने हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर आवश्यक मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग पास में ही स्थित जिंदल अंडर पास व मुरारीपाली अंडर पास से उपलब्ध है।

## सिम्स की सेंट्रल लैब बायोकेमेस्ट्री में 3500 से अधिक टेस्ट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स के बायोकेमिस्ट्री विभाग की सेंट्रल लैब ने एक बार फिर अपनी कार्यक्षमता और गुणवत्ता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है। अत्याधुनिक आटोक्वांट 1200 फुली ऑटो एनालाइज़र मशीन के स्थापित होने के बाद लैब की जांच क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यहां पहले प्रतिदिन लगभग 2200–2300 टेस्ट किए जाते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 3500–3700 टेस्ट प्रतिदिन तक पहुंच गए हैं। सिम्स में मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या के चलते ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज तथा आईपीडी में करीब 800 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में तेजी और सटीकता के साथ जांच उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती थी, जिसे अब नई तकनीक के माध्यम से



प्रभावी रूप से संभाला जा रहा है। बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष साहू ने बताया कि रक्त परीक्षण की संख्या लगातार बढ़ रही है और हर मरीज को समय पर सही रिपोर्ट देना हमारी जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से विभाग में अत्याधुनिक फुली ऑटो एनालाइज़र मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे रिपोर्ट अब शीघ्र और पूरी तरह कंप्यूटरीकृत रूप में उपलब्ध हो रही है, ठीक प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर। प्रतिदिन लगभग 400 मरीजों के रक्त सैंपल जांच के लिए प्राप्त होते हैं, जिनसे विभिन्न पैरामीटर के आधार पर कुल मिलाकर 3500 से अधिक टेस्ट किए जाते हैं। अब रिपोर्ट में क्यूआर कोड और बारकोड की सुविधा भी जोड़ी गई है, जिससे मरीजों को रिपोर्ट संभालकर रखने की आवश्यकता नहीं होगी। वे कभी भी, कहीं भी अपने मोबाइल पर रिपोर्ट देख सकेंगे।

### समय पर जांच सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

सिम्स का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों को सटीक और समयबद्ध जांच सेवाएं उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता है। उच्च गुणवत्ता वाली जांचें ही सफल उपचार की मजबूत आधारशिला होती हैं। सेंट्रल लैब की यह उपलब्धि हमारी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्यशैली को दर्शाती है। आने वाले समय में और आधुनिक तकनीकों को शामिल कर सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

-डॉ. रमणेश मूर्ति
अधिष्ठाता

### टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है

बढ़ती मरीज संख्या के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में जांचों को समय पर पूरा करना टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज को शीघ्र, सुलभ और किफायती जांच सुविधा मिले, ताकि उपचार में किसी प्रकार की देरी न हो। यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

-डॉ. लखन सिंह
चिकित्सा अधीक्षक

## बंद फैलोपियन ट्यूब में भी माँ बनना संभवः डॉ सोमा

**बिलासपुर।** फैलोपियन ट्यूब में ब्लॉकेज महिलाओं में बांझपन का एक प्रमुख कारण है। यह वह नली है जो अंडाशय को गर्भाशय से जोड़ती है और निषेचन की जगह होती है। यदि ये नली ब्लॉक हो जाती है, तो अंडाणु और शुक्राणु नहीं मिल पाते, जिससे गर्भधारण में समस्या होती है। फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक होने के मुख्य कारण संक्रमण (पीआईडी) के कारण पेट में सूजन, गर्भाशय टीबी, एंडोमेट्रियोसिस, एक्टोपिक गर्भावस्था या ट्यूबल लाइगेशन, नसबंदी, ये सब के कारण हो सकती है। डॉ ने बताया कि एचएसजी टेस्ट एक प्रकार का एक्स-रे, जिससे पता चलता है कि ट्यूब ब्लॉक है या नहीं। लैप्रोस्कोपीः सूजन हॉस्पिटल में, हम दूरबीन के जरीये एक माइनर सर्जरी करते हैं, जिससे नली की जांच की जाती है। सूजन हॉस्पिटल में ब्लॉक्ड ट्यूब को खोलने की सफल सर्जरी की जाती है, जैसे कि ट्यूबल कैनुलेशन और ट्यूबल लाइगेशन रिवर्सल तकनीक। हालांकि, अवरोध या क्षति का इलाज सर्जरी से संभव नहीं है, तो महिला आईवीएफ के माध्यम से गर्भवती हो सकती है। आईवीएफ प्रक्रिया के दौरान, भ्रूण अवस्था में निषेचित अंडाणु को सीधे महिला के गर्भाशय में रखा जाता है, जिससे शुक्राणु और अंडाणु को फैलोपियन ट्यूब तक जाने या भ्रूण को गर्भाशय तक पहुंचने की आवश्यकता नहीं होती है।



हेल्थ प्लस

सीवीआरयू के विद्यार्थियों ने निडर होकर जनगणना में सहयोग करने की अपील की

# विद्यार्थियों ने चलाया जनगणना जागरूकता अभियान

**बिलासपुर।** डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस, एनसीसी एवं स्काउट-गाइड इकाई द्वारा गोद ग्राम अमने, टाडा और पंडाकापा में जनगणना जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस अभियान में लगभग 50 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए ग्रामीणों को स्व-गणना की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा उन्हें जनगणना कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित किया।




विद्यार्थियों ने लोगों से अपील की कि वे बिना किसी डर या झिझक के सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। अभियान के दौरान संबंधित ग्रामों के सरपंच एवं विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रत्येक उन्नत भारत अभियान के तहत गोद ग्राम में वे शासकीय टीम के साथ समन्वय स्थापित कर जनगणना कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि जनगणना राष्ट्र के विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि सही और सटीक आंकड़ों के माध्यम से ही सरकार प्रभावी योजनाएं बना सकती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पूर्ण सहयोग देना चाहिए। वहीं कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनगणना केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की सहभागिता से समाज में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना और अधिक सुदृढ़ होती है। अभियान में अमने के सरपंच अश्विनी खुसरो, टाडा के सरपंच संजय कौशिक के साथ विश्वविद्यालय से कार्यक्रम समन्वयक डॉ.जयशंकर यादव, लेफ्टिनेंट संदीप सिंह ठाकुर, डॉ. अभिषेक शर्मा, जितेन्द्र गुप्ता आईटी, डॉ.मनीष मुखर्जी, हेमंत सिंह राजपूत, प्रतीक सिंह ठाकुर एवं राजकुमार लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## छोटे व्यापारियों के विनाश का कारण बन सकता है ई-कॉमर्स

**बिलासपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, सुरेंद्र सिंह अजमानी, संजय मित्तल, महामंत्री परमजीत उबेजा, अनिल राघवानी, प्रमोद वर्मा, प्रवीण सलूजा, सुनील रॉय, अनिल गुप्ता, सज्जन अग्रवाल, विष्णु गुप्ता, अरविंद वर्मा, विदित मंडल राजेश सैनी, चंदन कनोडिया ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने सरकार से देश के करोड़ों छोटे व्यापारियों, पड़ोस की दुकानों तथा खुदरा व्यापार पर निर्भर करोड़ों कर्मचारियों की आजीविका की सुरक्षा हेतु तत्काल एक मजबूत और प्रभावी राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति लागू करने की मांग की है।

बिलासपुर अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने बताया कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष पत्र के माध्यम से कैट ने सरकार से आग्रह किया है कि तत्काल एक व्यापक राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति लागू की जाए, जिसमें एफडीआई नियमों का सख्त पालन, प्रिडेटरी प्राइसिंग पर रोक, डार्क स्टोर्स का नियमन, एल्गोरिद्म एवं विक्रेता रैंकिंग में पारदर्शिता, डार्क पैटर्न्स से सुरक्षा, नकली एवं घटिया सामान पर जवाबदेही, एमएसएमई एवं छोटे व्यापारियों के लिए समान अवसर, डाटा सुरक्षा तथा व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के लिए समर्पित शिकायत निवारण तंत्र शामिल हो।

## खबर संक्षेप

### चेंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों ने की नपा सीईओ से मुलाकात



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में चेंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ भेंट-मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा पेयजल आपूर्ति के लिए निर्धारित समय तय करने की मांग रखी। इस पर नगर पालिका अधिकारियों ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने डस्टबिन रखने के लिए चर्चा पर सहमति बनी व जनसहयोग से आगे वृक्षारोपण व जल संचयन हेतु कार्य करने की सहमति भी बनी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेंबर ऑफ कॉमर्स से राजकुमार वाधवा, सचिव अमितेश आर्य, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कोटडिया, संरक्षक दुष्यंत दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश यादव, सहसचिव दिनेश गोयल, सराफा संघ अध्यक्ष धीरज सोनी एवं सचिव कमल सोनी, तथा जनरल व्यापारी संघ के अध्यक्ष विजेंद्र नामदेव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सड़क के दोनों किनारे हटाया जाएगा अतिक्रमण




**तखतपुर।** नेशनल हाइवे में बनने वाली सड़क को लेकर अनुविभागीय अधिकारी नितिन तिवारी ने बताया कि, मुख्य मार्ग में 37 फीट तक सड़क के दोनों किनारे अतिक्रमण हटाया जाएगा इसके बाद अमृत मिशन के लिए पाइप लाईन का विस्तार किया जाएगा। व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों के बाद आज अनुविभागीय अधिकारी नितिन तिवारी ने तहसीलदार शशांक शेखर की उपस्थिति में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, मोढ़े मार्ग से लेकर नगर के वेलकम गेट तक सड़क के दोनों किनारे 40-40 फीट वहीं नगर सीमा क्षेत्र में मनियारी पुल तक 37-37 फीट तक रोड़ निर्माण किया जाएगा और 37 फीट के बाद अमृत मिशन के पाइप लाइन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि, नगर के मुख्य मार्ग में जिनका अतिक्रमण हटाया जाना है। राजस्व अमले सीएमओ अमरेश सिंह, आरआई, पटवारी, कोटवारों के द्वारा मार्किंग की जा रही है। 6 मई तक नोटिस जारी कर समय दिया जाएगा, इसके बाद प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### आवास मित्रों एवं ग्राम रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक



**मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली के सभाकक्ष में आवास मित्रों एवं ग्राम रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत मुंगेली के सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन एवं अप्रारंभ आवासों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। सीईओ ने वर्ष 2024-26 के अंतर्गत द्वितीय किस्त प्राप्त आवासों के निर्माण कार्य को जियो टैगिंग के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन आवासों का निर्माण अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें शीघ्र शुरू करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया। बैठक में आवास मित्रें को साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध प्रगति लाने के लिए कहा गया, ताकि हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ मिल सके। समीक्षा के दौरान बैठक में अनुपस्थित पाए गए आवास मित्रें एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं क्लस्टर बुंदेली में कार्यरत एक आवास मित्र द्वारा लगातार लापरवाही बरतने एवं अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर उसे पद से पृथक करने की कार्रवाई की गई। सीईओ ने स्पष्ट किया कि, प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी आवास मित्रों एवं रोजगार सहायकों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने लिया सीएम के दौरे की तैयारियों का जायजा




**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जिले में संभावित आगमन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि, जिले में 10 मई को मुख्यमंत्री का आगमन संभावित है। इसे देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां तय समय में पूरी कर ली जाए। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर माईक, टेंट, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में निर्माणाधीन महापुरुषों की प्रतिमाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने रायपुर-नवागढ़ रोड में मां कर्मा चौक, पड़ाव चौक में महाराणा प्रताप प्रतिमा, दाउपारा चौक में गुरू घासीदास प्रतिमा तथा कलेक्टोरेट परिसर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि, सभी कार्य गुणवत्ता एवं भव्यता के साथ शीघ्र पूर्ण किए जाएं।

# मुंगेली जिले के विद्यार्थियों ने स्थापित किए नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित वार्षिक परीक्षा परिणामों में मुंगेली जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाकर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। लोरमी के अंशुल शर्मा ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुंगेली की नंदिता देवांगन ने दूसरा स्थान तथा लोरमी के चैतूराम साहू ने 8वां स्थान प्राप्त किया है।

परिणाम घोषित होने के बाद से ही मेधावी छात्रों के घरों और स्कूलों में जश्न का माहौल है। मिठाइयां बांटकर और आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गईं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। नगर की गौरव नंदिता देवांगन ने बोर्ड परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती शिशु मंदिर की छात्र नंदिता देवांगन पिता राजकुमार देवांगन, माता गीता देवांगन ने 600 में 593 अंक अर्जित किया है।98.83 प्रतिशत अंकों के साथ उन्होंने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नंदिता ने सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत और लगन को बताया है उन्होंनें अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया। वे आगे चलकर सॉफ्टवेयर इंजिनियर बनना चाहती हैं एवं उन्हें डिजाईनिंग में अच्छी रूचि है। गरीब परिवार से नाता रखने वाली नंदिता ने साबित कर दिया कि, मेहनत और लक्ष्य के आगे कोई रोड़ा नहीं बन सकता।

### हाई स्कूल टेकर का 10वीं में शत प्रतिशत परिणाम

**बेलतरा।** माशिमं की ओर से बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बुधवार को जारी किया गया। 10वीं में शासकीय हाई स्कूल टेकर ने शानदार उपलब्धि हासिल की। सत्र 2025-26 में हाई स्कूल टेकर का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में इस वर्ष दसवीं में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 23 थी, इसमें प्रथम श्रेणी में 19 विद्यार्थी व 4 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में प्रथम स्थान आरुषि 87.33 प्रतिशत ने प्राप्त किया, वहीं द्वितीय स्थान पर प्रेम कुमार 85.5 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर आकांक्षा 85.33 प्रतिशत रहीं।

## 12वीं में मीनाक्षी, 10वीं में मिष्ठी नगर में प्रथम

**तखतपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम आज घोषित किए गए। जिसमें नवजागृति शाला की छात्रा मीनाक्षी कश्यप ने कक्षा 12वीं में 96 प्रतिशत अंक लाकर नगर में प्रथम रहीं, वहीं कक्षा 10वीं में नवजागृति की छात्रा मिष्ठी शर्मा ने 97.16 प्रतिशत अंक लाकर नगर में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं इसी शाला में कक्षा 12वीं में दिव्यश्री पाण्डेय 89.4 प्रतिशत अंक, आंचल पात्रे 84 प्रतिशत एवं 10वीं में श्री विद्या 87 प्रतिशत, अफरीन 83 प्रतिशत अंक अर्जित किया है।






गुरुकुल उमा विद्यालय का शानदार प्रदर्शन- कक्षा 12वीं में गुरुकुल उमा विद्यालय तखतपुर के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं में 93.3 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान नियति निर्मलकर ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान 92.6 प्रतिशत सृष्टि कौशिक, तृतीय स्थान 88.5 प्रतिशत जीत कश्यप ने हासिल किया। इसी तरह कक्षा 12 वीं में प्रथम प्रिया रजक 93.6 प्रतिशत, द्वितीय लक्ष्मी नारायण यादव 93 प्रतिशत व तृतीय स्थान पल्लवी श्रीवास 92 प्रतिशत ने प्राप्त किया। इस अवसर पर गुरुकुल विद्यालय के डायरेक्टर अवधेश सिंह ठाकुर ने सभी उत्तीर्ण हुए बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि, शिक्षा और संस्कार को हमेशा साथ रखें। मेहनत करते रहें, तो सफलता सुनिश्चित है। गुरुकुल के प्राचार्य अरविन्द कुमार पांडेय ने कहा कि, लगन, मेहनत और जिज्ञासा विद्यार्थी को उचित स्थान मिलता है।

**अन्य विद्यालियों का भी उत्कृष्ट परिणाम-** कन्या शाला से कक्षा 12वीं में कन्या उमा शाला की चार्ली ठाकुर 95 प्रतिशत, भूमिका सिंह 91.4 प्रतिशत, दामिनी 90.4 प्रतिशत व उर्वशी पांडे ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल में 10वीं में आस्था ठाकुर 86.83 प्रतिशत, हर्ष साहू 83.16 प्रतिशत व तिलेश्वरी पटेल ने 82.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं हायर सेकेंडरी में शुभि पाण्डेय 80 प्रतिशत, निधी पटेल 80 प्रतिशत, आन्या शर्मा 79.6 प्रतिशत व तुषार देवांगन को 77.6 प्रतिशत अंक मिले।

## माही ने 97.67 प्रतिशत अंकों के साथ रचा इतिहास




**सीपत।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में सीपत की बेटी कुमारी माही कश्यप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान हासिल किया है। सीपत क्षेत्र के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी छात्रा ने बोर्ड की टॉप-10 सूची में जगह बनाकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। माही, गोविंद कश्यप एवं माता विद्या कश्यप की पुत्री हैं। वे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सीपत की मेधावी छात्रा हैं और प्रारंभ से ही पढ़ाई में उत्कृष्ट रही हैं। माही ने कुल 600 में से 586 अंक प्राप्त किए हैं। विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने अंग्रेजी में 97, हिंदी में 97, संस्कृत में 95, गणित में 99, विज्ञान में 100 में 100 और सामाजिक विज्ञान में 99 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। माही ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, विद्यालय की प्राचार्य सरिता यादव एवं समस्त शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन नियमित रूप से 3 से 5 घंटे अध्ययन करती थीं, और एक दिन में एक विषय का एक चैप्टर पूरा करने का लक्ष्य तय कर पढ़ाई करती थीं। माही ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपनी रुचि के अनुसार विषयों की तैयारी की और निरंतर अभ्यास को सफलता का मूल मंत्र माना।

## किसान के बेटे का आईएएस बनने का सपना



**पेंड्रा।** पेंड्रा के ओंकार कैवर्त्य ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया है।उन्हें कुल 500 में से 487 अंको के साथ 97.40 अंक मिले है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद यह सफलता प्राप्त की है। ओंकार की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने अपनी पिछली असफलता को ही प्रेरणा बनाया। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में वे प्रदेश की टॉप-10 सूची में महज 3 अंकों से जगह बनाने से चूक गए थे। इस अनुभव ने उन्हें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। ओंकार एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता श्यामचरण कैवर्त्य खेती-किसानी करते हैं, जबकि माता फूलबाई गृहिणी हैं। दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे ओंकार ने माता-पिता के संघर्षों को देखते हुए अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता दी। ओंकार ने बताया कि उनका सपना एक प्रशासनिक अधिकारी बनने का है। बायोलाजी की छात्रा भूमिका डाक्टर बनना चाहती हैं

## साप्ताहिक कपड़ा व्यापारी की बेटी मेरिट लिस्ट में



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में पेंड्रा की छात्रा ताहिरा खान ने प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। ताहिरा ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि अपने नाम की, जिससे जिले का नाम रोशन हुआ है। ताहिरा खान पेंड्रा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने गणित विषय के साथ परीक्षा दी और कुल 500 में से 488 अंक अर्जित किए। ताहिरा के पिता आबिद खान कपड़े का व्यवसाय करते हैं और साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाते हैं। एक साधारण परिवार से आने वाली ताहिरा की इस सफलता को कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम माना जा रहा है। अपनी सफलता का श्रेय ताहिरा ने अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान वह रोजाना लगभग 6 घंटे पढ़ाई करती थीं। ताहिरा खान का सपना भविष्य में सिविल सेवा की तैयारी कर देश की सेवा करना है।

## भूमिका ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में पेंड्रा की छात्रा भूमिका परतोति ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। वह स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की बायोलॉजी संकाय की छात्रा हैं। भूमिका के पिता मान सिंह पेशे से शिक्षक हैं तो उनकी माता गृहिणी हैं। भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दिया है। अपनी भविष्य की योजनाओं को लेकर भूमिका काफी स्पष्ट हैं। बायोलॉजी विषय की छात्रा होने के नाते, उनका लक्ष्य चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा देना है। वह आगे चलकर डॉक्टर बनकर समाज के जरूरतमंद लोगों का इलाज करना चाहती हैं और सेवा कार्य में अपनी भूमिका निभाना चाहती हैं। मध्यमवर्गीय साधारण परिवार से आने वाली छात्रा ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और गुरुजन के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है।

### हर्ष को बारहवीं में 92.6 प्रतिशत अंक, गणित में 100



**गौरेला।** छत्तीसगढ़ 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट बुधवार को घोषित किए गए, जिसमें गौरेला के हर्ष साहू ने गणित संकाय में 92.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार नगर और जिले का नाम रोशन किया। हर्ष साहू गौरेला यातायात शाखा में प्रधान आरक्षक जयप्रकाश साहू एवं ऊषा साहू के पुत्र हैं। हर्ष गौरेला सेमरा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय के छात्र हैं। इन्होंने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किया है। हर्ष ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में रुचि होने की जानकारी दी।

### गायत्री 88 प्रतिशत अंकों के साथ बनीं स्कूल टॉपर



**जरहागांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उच्च माध्यमिक शाला भथरी की छात्रा गायत्री गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 88 प्रतिशत अंक अर्जित किए। गायत्री ने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर अपने गांव और स्कूल का नाम रोशन किया। गायत्री की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। गायत्री ने कहा कि, यह उपलब्धि उनके माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और नियमित मेहनत का परिणाम है।

### 12वीं में अम्बा, 10वीं में जयंत रहे अव्वल



**लगरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी में बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित करने की तैयारी की जा रही है। कक्षा 10वीं मे जयंत रात्रे ने 600 मे से 533 अंक प्राप्त कर 88.83 प्रतिशत के साथ अव्वल स्थान बनाया एवं कक्षा 12 वीं मे अम्बा प्रसाद साहू ने 500 मे 480 अंक प्राप्त कर 96 प्रतिशत अंक के साथ उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा मानसी केवट 87.6 प्रतिशत, रूपेश यादव 85.6 प्रतिशत, भूमिका साहू 84.8 प्रतिशत, सोनम वस्त्रकार 83.2 प्रतिशत, मानसी सूर्यवंशी 83.8 प्रतिशत व मनीषा पटेल ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं 10 वीं नर्गिस बेगम 88.6 प्रतिशत, निखिल पत्रवाणी 88.6 प्रतिशत, सुजीता डोंगरे 87.8 प्रतिशत आदि ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

### अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई है। इसके अनुसार डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय मुंगेली में कक्षा 10वीं में कुल 47 छात्र-छात्र सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम 15, द्वितीय 24 तृतीय श्रेणी में 1 उत्तीर्ण हुए। भावना साहू 86.1 प्रतिशत प्रथम, तोजेश्वनी मिरे 82.3 प्रतिशत द्वितीय एवं नीरजदास मानिकपुरी 82 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में कुल 9 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम 6 एवं द्वितीय श्रेणी में 2 उत्तीर्ण हुए। रक्षा साहू 86.2 प्रतिशत प्रथम, आकांक्षा डाहिरे 79.8 प्रतिशत द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर अनीश जोशी 75.2 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए।



## खबर संक्षेप

### बरदुली कार्यक्रम में शामिल होंगे तोखन, साव सहित अन्य दिग्गज

**मुंगेली।** ग्राम बरदुली में भक्त माता कर्मा, राजिम जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ निरेंद्र साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ करेंगे। साथ ही प्रमुख अतिथि के रूप में विधायक पुन्नूलाल मोहले पूर्व मंत्री एवं विधायक धरमलाल कौशिक विधायक, लखनलाल साहू पूर्व सांसद, थानेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सहित जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम बुधवार 29 अप्रैल शाम 6 बजे चूल माटी एवं तेल के साथ प्रारंभ हुआ। गुरूवार 30 अप्रैल को 7 बजे देवतला, 8 बजे हरदियाही, 9 बजे बारात एवं दोपहर 1 बजे अतिथियों का आगमन होगा। सुबह 10 बजे से छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार अनुराग शर्मा का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम संयोजक झालेश्वर साहू को बनाया गया है। जिला साहू संघ मुंगेली तहसील साहू संघ जरहागांव, परीक्षेत्रीय साहू संघ सहित समस्त पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं।

## निधन

### मेलुराम पाण्डेय



**बिलासपुर।** पूर्व मालगुजार मेलुराम पाण्डेय का स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 30 अप्रैल को ग्राम मौहाभाठा केशरूवाडीह में होगा। वे राकेश, विजय, संजय, शैलेन्द्र एवं प्रवीण के पिता थे।

### बजरंग साहू



**बिलासपुर।** मनसा माता मंदिर विश्वकर्मा चौक निवासी बजरंग साहू उम्र 35 वर्ष का 28 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अप्रैल को देवांचल मुक्तिधाम में किया गया है। वे स्व. रामू प्रसाद साहू, सुशीला बाई साहू के पुत्र एवं प्रियंस, श्रीयांश के पिता थे।

### पलक देवानी



**बिलासपुर।** देवरीखुर्द निवासी विजय देवानी की पत्नी श्रीमती पलक देवानी का 29 अप्रैल को निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे उनके निज निवास हाउसिंग बोर्ड कालोनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे से निकलकर तोरवा मुक्तिधाम जाएगी। वे स्व. हीरालाल देवानी की पुत्रवधू एवं अशोक देवानी की भाई बहू थीं।

### गुरुमुख दास लोकचंदानी



**तखतपुर।** वार्ड 8 निवासी गुरुमुख दास लोकचंदानी का 75 वर्ष की आयु में 29 अप्रैल को निधन हो गया है। वे संतोष लोकचंदानी, विजय लोकचंदानी, बालकृष्ण लोकचंदानी के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार सुबह 9 बजे 30 अप्रैल को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### पौधों के संरक्षण के लिए कोई उपाय नहीं

# सकरी जोन में एक पेड़ मां के नाम अभियान की दुर्दशा

*सकरी जोन के कई इलाकों में पौधे या तो सूख चुके या पशुओं ने कर दिए नष्ट*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम बिलासपुर प्रशासन ने सकरी जोन में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान चलाकर लाखों रूपये खर्च कर पौधरोपण किया था लेकिन निगम प्रशासन की लचर व्यवस्था एवं स्थानीय अधिकारियों के देख रेख के आभाव में इस अभियान अंतर्गत लगाए गए 80 प्रतिशत पौधे पूरी तरह सूख गए हैं।

ज्ञात हो कि विगत वर्ष मानसून पूर्व नगर निगम द्वारा सकरी नगर में सैकड़ों की संख्या में विशेष तकनीक से पौधे रोपे थे जिसका व्यापक प्रचार प्रसार नगर निगम द्वारा किया गया था। रोपण के बाद उनकी देखभाल की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई और न ही नियमित पानी सिंचाई की व्यवस्था की गई। लिहाजा लापरवाही के कारण ये नन्हे पौधे धीरे धीरे सूखते चले गए। आज हालत यह हो गई है कि ज्यादातर पौधे मर चुके हैं और जो बचे हैं वो भी मुरझाए हुए स्थिति में दिख रहे हैं। ऐसे में नगर निगम प्रशासन का यह अभियान कागजों में सिमटता नजर आ रहा है। सकरी जोन के कई इलाकों में पौधे या तो सुख चुके है या पशुओं द्वारा नष्ट कर दिए गए है इससे साफ जाहिर होता है कि निगम ने केवल औपचारिकता निभाते हुए वृक्षारोपण किया लेकिन उसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।





**लाखों खर्च कर लगाए गए थे पौधे**

ज्ञात हो कि इस अभियान में लाखों रूपये खर्च कर पौधे रोपित किए गए थे और इसके रोपण में रक्षक सेल्फ वाटरिंग ट्री गार्ड एसएसडब्लूटीजी का उपयोग किया गया था जो महंगे दामों में मिलता है लेकिन उसके बावजूद नगर निगम प्रशासन इन पौधों के संरक्षण करने में विफल रहा।

**संरक्षण के हो रहे प्रयास**

पर्यावरण को हरा भरा रखने के उद्धेश्य से ही पौधरोपण का कार्य किया गया है। अपनी तरफ से उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास किए गए हैं। कुछ पौधे बड़े हो चुके हैं। कुछ विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए किए गए गड्ढों के कारण खराब हुए हैं। आगे भी पौधरोपण किया जाएगा।

**रंजना अग्रवाल**, जोन कमिश्नर, सकरी

# महिला आरक्षण को लेकर नगर पंचायत की बैठक



**जरहागांव।** नगर पंचायत जरहागांव में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर एक ही दिन में आयोजित बैठक में जहां विधेयक के पारित न होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया, वहीं बैठक में उसी विधेयक के समर्थन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इस घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति में महिला आरक्षण को लेकर गहरे मतभेद और सक्रियता दोनों को उजागर कर दिया। दिन की शुरुआत में आयोजित पहली बैठक में जनप्रतिनिधियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में पारित न हो पाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। परिषद ने अपने निंदा प्रस्ताव में कहा कि, यह विधेयक महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, जिसे राजनीतिक कारणों से रोका गया। वक्ताओं ने इसे महिलाओं के अधिकारों के साथ समझौता बताते हुए आरोप लगाया कि, संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के चलते यह महत्वपूर्ण पहल बाधित हुई।

बैठक में यह भी जोर देकर कहा गया कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी बनेगी। परिषद ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए वे लगातार आवाज उठाते रहेंगे। इसके बाद समरसता भवन में आयोजित दूसरी विशेष बैठक का माहौल पूरी तरह सकारात्मक नजर आया।

# तालाब में डूबने से 9 वर्षीय बालक की मौत



**रतनपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़वट में बुधवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां तालाब में नहाने के दौरान 9 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। मृतक थलेस धीवर, पिता राकेश धीवर, निवासी इमली भट्ठा थाना सरकंडा, बिलासपुर का रहने वाला था।

जानकारी के मुताबिक, राकेश धीवर अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में विवाह कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम गढ़वट आया हुआ था। दोपहर लगभग 12 बजे मृतक थलेस की मां अपने अन्य बच्चों के साथ गांव के मटखनवा तालाब में नहाने गई थी। इसी दौरान नहाते-नहाते वह और उसकी बहन तालाब के गहरे हिस्से में चले गए और डूबने लगे। बच्चों को डूबते देख मां ने तुरंत साहस दिखाते हुए तालाब में छलांग लगाई और बचाव का प्रयास किया। इस दौरान वह बेटी को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रही, लेकिन थलेस गहरे पानी में समा गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों की मदद से बालक को बाहर निकाला गया। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

### हांफा में श्री नृसिंह देव प्रकटोत्सव आज



सकरी। ग्राम हांफा में गुरुवार आज 30 अप्रैल को भगवान श्री नृसिंह देव जी का पावन प्रकटोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ बघर्रा पाठ मंदिर परिसर में मनाया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे ग्राम सहित आसपास क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। मंदिर के आचार्य पंडित धनेश उपाध्याय ने समस्त ग्रामवासियों, भक्त माताओं, बुजुर्गों एवं युवा युवाओं से इस पावन उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने अपील की है। उन्होंने बताया कि, यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि ग्राम की एकता और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। उत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान नृसिंह नाथ की विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती, छप्पन भोग-प्रसाद वितरण, महिला संकीर्तन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया है।

# 5 मेडिकल एजेंसी, 20 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**मुंगेली।** प्रदेश में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम पर 11 मई तक सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार संयुक्त टीम द्वारा मुंगेली विकासखंड में 5 थोक औषधि विक्रय एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अन्य राज्यों से क्रय की गई दवाओं के खरीद–बिक्री रिकॉर्ड का परीक्षण किया गया तथा एक औषधि का नमूना जांच हेतु संकलित किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने आम लोगों को केवल ताजे एवं स्वच्छ रस का ही सेवन करने, लंबे समय तक रखे गए खाद्य पदार्थों से बचने की समझाइश दी है।

निरीक्षण के दौरान मुंगेली एवं लोरमी क्षेत्र में कुल 20 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सभी थोक विक्रेताओं को जीएसटी नियमों का पालन करने, केवल अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर से ही दवाओं की खरीदी करने तथा राज्य के बाहर से लाई गई दवाओं की जानकारी समय पर विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही खुदरा विक्रेताओं को दवा बिक्री से पहले अनुज्ञप्ति की वैधता जांचने की हिदायत दी गई। इसी अभियान के तहत खाद्य पदार्थोर् की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए गन्ना रस सेंटर, जूस सेंटर, आईस्क्रीम विक्रेता एवं सॉफ्ट ड्रिंक दुकानों की भी जांच की गई। मुंगेली शहर के करही, दाउपारा, पड़ाव चौक, नया एवं पुराना बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर संचालित केंद्रों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, मशीनों की स्वच्छता एवं डस्टबिन के उपयोग को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। विक्रेताओं को स्वच्छ पानी से बर्फ तैयार करने, ताजे गन्ने व फलों का उपयोग करने तथा रस को डिस्पोजल में ही देने के लिए निर्देशित किया गया।

# तोखन ने किया क्षेत्र के खिलाड़ियों को सम्मानित



**मल्हार।** जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में मल्हार का नाम रोशन करने वाले नगर के उत्कृष्ट प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने मुलाकात की एवं उन्हें सम्मानित किया। तोखन ने सभी का सम्मान करते हुए आगामी कार्यक्रम में शासन स्तर पर उचित सहयोग का आश्वासन देते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में विभिन्न खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी को लेकर खुशी जताई। उल्लेखनीय है कि नगर के एक ही परिवार के सगे चार भाई-बहन किकबॉक्सिंग खिलाड़ी रूखमणी लोहार, हरिओम लोहार, परमेश्वरी कुमारी लोहार व गोपाल लोहार पिता शिवकुमार लोहार सभी बच्चे कीक बॉक्सिंग में जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिताओ में गोल्ड, सिल्वर, ब्रांज व अन्य पदक लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# जिला अस्पताल के डॉक्टर्स ने दी गौरव को नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिला चिकिलय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 7 वर्षीय बालक गौरव साहू को लंबे समय से चली आ रही गंभीर समस्या से राहत दिलाई। जिला बेमेतरा के ग्राम बंदी निवासी गौरव साहू पिछले एक वर्ष से टॉन्सिल में बार-बार संक्रमण की समस्या से परेशान था। इस कारण उसे निगलने में कठिनाई होती थी और उसका वजन भी लगातार कम हो रहा था। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां ओपीडी में कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ कमलेश सत्यपाल को दिखाया गया।

जांच के बाद डॉक्टरों ने गौरव को क्रॉनिक टॉन्सिलाइटिस से पीड़ित बताया और शीघ्र ऑपरेशन की सलाह दी। इसके पश्चात डॉ कमलेश सत्यपाल, डॉ राजेश कुमार बेलदार एवं ओटी स्टाफ की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद बालक पूरी तरह स्वस्थ है और उसकी स्थिति में पहले से काफी सुधार हुआ है। अब उसे खाने-पीने में कोई परेशानी नहीं हो रही है और उसका स्वास्थ्य लगातार बेहतर हो रहा है। जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के कारण अब स्थानीय स्तर पर ही जटिल उपचार संभव हो रहे हैं, जिससे मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता कम हो रही है। यह सफलता स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और डॉक्टरों की दक्षता का प्रमाण है।

# समूह संगत के लिए गुरुमुखी क्लास का आयोजन



**बिल्हा।** सिख समुदाय ने भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के लिए नया कुछ करने की चाह से माता कृष्णावती छाबड़ा की अध्यक्षता में रश्मित कौर, सोनल सवन्नी, हनी सवन्नी, सीमा हिंदुजा व बाणी सवन्नी द्वारा अप्रैल माह में समूह संगत के लिए गुरुमुखी क्लास का आयोजन किया गया। क्लास के अंतिम चरण में बच्चों के लिए गुरुमुखी लिपि क्रिएटिव तरीके से लिखने का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें हरनूर कौर सवन्नी, सहजदीप सिंघ सलूजा, सीरत कौर खनूजा, नूरलीन कौर खनूजा, जसलीन कौर खनूजा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्लास के अंत में सभी बच्चों के लिए गुरबाणी सरवन कराने व सारे टीचर्स द्वारा सिमरन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों व टीचर्स को इनाम देकर सम्मानित भी किया गया। प्रियंका खनूजा को गुर चरनी लगाकर क्लास का समापन किया गया। कार्यक्रम में कमलेश कौर सलूजा, शांति बग्गा, ऊषा खनूजा, सीतावंती सवन्नी, स्वर्ण कौर, नवनीत कौर, हरचरण कौर, ममता सेठी, मंजीत बग्गा आदि शामिल रहे।

# क्षेत्र में सुशासन तिहार की तैयारी पूरी, 73 स्थानों पर लगेंगे शिविर



**सीपत।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण तथा शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पंचायत, नगर पंचायत और शहरी वार्डों में तिथिवार शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। जिले में पंचायत स्तर पर कुल 73 शिविरों का आयोजन निर्धारित किया गया है। 'शासन आपके द्वार-समाधान हर बार' के लक्ष्य के साथ विकासखंड मस्तूरी के विभिन्न क्षेत्रों में शिविरों की तिथियां तय की गई हैं। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत सोठी में 4 मई, नपं मल्हार में 6 मई, ग्राम पंचायत सीपत में 7 मई, ग्राम पंचायत पन्धी में 13 मई, नपं मल्हार में 15 मई, ग्राम पंचायत मस्तूरी में 18 मई, ग्राम पंचायत भटचौरा में 23 मई, नपं मल्हार में 26 मई, ग्राम पंचायत परसोडी में 30 मई, ग्राम पंचायत केवटाडीह में 5 जून तथा ग्राम पंचायत बूढ़ीखार में 9 जून को शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि, वे निर्धारित तिथियों पर अपने निकटतम शिविर स्थल में पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि, शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

**न्यायालय श्रीमान अष्टम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर छ.ग.**
**समंस / नोटिस**

आदेश दि. 24/4/2026
प्रकरण क्र. अपंजीकृत
पेशी तारीखा 10-07-2026
प्रोसेस नंबर 140

आर्या मिरी .....आवेदक
**बनाम**
देवादास कुर्रे एवं अन्य..... अनावेदकगण

प्रति,
देवादास कुर्रे पिता श्री शिवशंकर कुर्रे निवासी वार्ड नंबर 03 हाउस नंबर 128 नेहरूनगर मिट्टी तेल लाईन बिलासपुर थाना सिविल लाईन तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग.

चूंकि आवेदक-आर्या मिरी पिता विजय कुमार मिरी के द्वारा इस न्यायालय से एक दावा प्रकरण अपने को आई मोटर दुर्घटना में गंभीर चोटो की क्षति की क्षतिपूर्ति बाबत दावा आवेदन पत्र पेश किया है जिसमे आपके उपस्थिति हेतु दावा प्रकरण दिनाक 10.07.2026 को नियत होकर लंबित है।

इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी / सुनवाई तिथि दिनाक 10-07-2026 को स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसको सम्यक अनुदेश दिये गये हो अपने पक्ष के दस्तावेज सहित उपस्थित होकर प्रकरण में भाग लेवे एवं अपना पक्ष इस न्यायालय के समक्ष रखो। यदि उक्त सुनवाई तिथि को उपस्थित होकर भाग नहीं लेते है या कोई उपस्थित नहीं होता है तो उक्त दावा प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद की गयी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यदि किसी कारण वश उक्त सुनवाई तिथि को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगा।

आज दिनाक 29/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की सील मुंहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान बिलासपुर
दिनाक -29/04/2026

**(अनिल प्रभात मिंज)**
**अष्टम अपर मो.दु.दा. अधिकरण**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2026, बिलासपुर, दिनांक 24.04.2026

आवेदक श्री बालमुकुंद आत्मज श्री ओमप्रकाश निर्मलकर उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कुरूवार थाना कोटा तहसील बेलगहना जिला बिलासपुर छ.ग. एवं आवेदिका कुमारी अनीता यादव आत्मजा श्री राम भरोस उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम मानपुर थाना व तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 04.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


बालमुकुंद


अनीता यादव

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**

श्रीमती शारदा पाल वगैरह,विरूद्ध
भोलाराम पाल वगैरह
व्य.वाद.क्र. :-140ए/2026
पेशी तारीख :-18.06.2026
प्रोसेस क्रमांक :- 198

बनाम : आम जनता जिसका प्रकरण से संबंध हो

इस न्यायालय में वादीगण के द्वारा एक व्यवहार वास्ते सिविल मृत्यु की घोषणा बाबत बलदेव पाल पिता स्व. रामआधार पाल निवासी वार्ड नंबर-03, सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के संबंध में प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 18.06.2026 को नियत है, उक्त व्यवहार वाद में बलदेव पाल पिता स्व. रामआधार पाल निवासी वार्ड नंबर-03, सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के सिविल मृत्यु की घोषणा चाही गई है उपरोक्त संबंध में किसी भी आमजनता, शासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 18.06.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है, नियत पेशी दिनांक 18/06/2026 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रकरण का निराकरण विधि अनुसार कर दिया जावेगा।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 18/06/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं तो उसके अगले कार्य दिवस में प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 20.4.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(कु. कोनिका यादव)
नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील बिल्हा/बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// सूचना //**

क्रमांक/क्यू/रा.नि./2025
बिल्हा दिनांक 24/4/2026

प्रति, आवेदक/आवेदिका राजेन्द्र अग्रवाल पिता हजारीलाल निवासी बिलासपुर आवेदक के बताये अनुसार सभीधी भूमिस्वामी 1. श्रीमती वीणा सिंह पति राजेश सिंह निवासी तिफरा 2. श्रीमती सुधा अग्रवाल पति संतोष कुमार निवासी 27 खोली बिलासपुर 3. अशोक कुमार लोहारी पिता हनुमानदास लोहारी निवासी कुर्सीपार भिलाई 4. सौरभ पिता हरीश निवासी खुरसीपार भिलाई 5. पवन कुमार अग्रवाल पिता सत्यपाल अग्रवाल निवासी बिलासपुर।

विषय:-सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी /ज्ञापन क्रमांक/ /क./तह. वाचक/2025 बिल्हा दिनांक 6/4/2026

उपरोक्त विषर्यान्तर्गत लेख कि आवेदक / राजेन्द्र अग्रवाल पिता/पति हजारीलाल निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी में मौजा हरदी प.ह.न. 11 रा.नि.म. बिल्हा, तहसील-बिल्हा/ बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि का खसरा नं. 61 रकबा 2.34 का सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गाया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 7/5/26 को समय 12.00 से 5.00 बजे से किया जाना है। अतः आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक
तह. बिल्हा/बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / /2025-26
ग्राम सकरी, तहसील सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीना कर्ष पति शत्रुहन कर्ष निवासी बल्गी कालोनी तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ब. द्वारा ग्राम सकरी म.नं. 01 प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 410 में से 1000 वर्गफीट भूमि को अनावेदक अरविन्द सिंह ग्रोवर पिता ओमप्रकाश ग्रोवर सें विक्रय विलेख दिनांक 22/03/2013 को क्रय किया गया है। आवेदिका द्वारा खरीदी हक के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109, 110 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06/05/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पष्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / /2025-26
ग्राम सकरी, तहसील सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अंजना चटर्जी पति अनुप चटर्जी निवासी बल्गी कालोनी तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ब. द्वारा ग्राम सकरी म.नं. 01 प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 462 में से 1000 वर्गफीट भूमि को अनावेदक अरविन्द सिंह ग्रोवर पिता ओमप्रकाश ग्रोवर सें विक्रय विलेख दिनांक 22/03/2013 को क्रय किया गया है। आवेदिका द्वारा खरीदी हक के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109, 110 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 08/08/278 (तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पष्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**पटवारी कार्यालय**
**प.ह.न.-49 ग्राम-परसदा रा.नि.मं.-सिरगिट्टी तहसील/जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**:- सूचना -:**

दिनांक 17/11/2025

आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ (चौहद्दी धारी) भूमि स्वामी मंजू यादव
1. विक्रेता महेतरू 2.विक्रेता बचत भूमि 3. विक्रेता बचत भूमि 4 निस्तारी रास्ता
विषय- ग्राम परसदा प.ह.न 49 स्थित ख. नं 851/13 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन / बटांकन हेतु।

उपरोक्त विषयांकित के संबंध में सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंजू यादव पति अमरनाथ यादव निवासी तिफरा द्वारा अपने भूमि हक़ की भूमि ख नं 851/13 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन किया गया है। आदेशानुसार उक्त भूमि का सीमांकन /बटांकन दिनांक 5/05/2026 को किया जाना है।

अतः आप स्थल पर उक्त तिथि को ठीक 11 से 05 बजे समस्त अभिलेख सहित उपस्थित रहे। अनुपस्थित रहने पर सीमांकन/बटांकन की कार्यवाही कर दी जायेगी बाद में की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

टीपः-- अपरिहार्य कारणों से दिनांक एव समय में परिवर्तन किया जा सकता है, नवीन दिनांक एव समय कि सुचना आपको पृथक से दी जाएगी।

**पटवारी**
**जय प्रकाश आड़िल**
**प.ह.नं. 49**

**समक्ष श्रीमान सिविल नोटरी तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.**
**शपथ-पत्र**

मै श्रीमती मंजू मिश्रा उम्र 43 वर्ष पति श्री प्रमोद मिश्रा जाति ब्राम्हण साकिन लोखण्डी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि:-

1. यह कि मै उपरोक्त पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा नाम शादी के पहले कुमारी बिमला तिवारी पिता श्री शिवकुमार तिवारी के नाम से जाना एवं पहचाना जाता था। 3. यह कि मेरी शादी वर्ष 2001 में श्री प्रमोद मिश्रा आ. बुद्धेश्वर प्रसाद मिश्रा के साथ संपन्न हुई है, शादी के बाद अपने पति के साथ निवास कर रही हूँ, जहां पर मुझे घरेलू मंजू के नाम से पुकारा जाने लगा, तथा इसी नाम से आधार कार्ड एवं राशन कार्ड परिचय पत्र एवं अन्य बैंक आदि में दर्ज हो गया है। 4. यह कि श्रीमती मंजू एवं बिमला एक ही व्यक्ति अथवा मेरा ही नाम है, जिससे शासकीय सभी अभिलेखों मे श्रीमती कमला उर्फ मंजू मिश्रा के नाम से जाना जाने एव लिखा जाकर पहचाना जाने की आवश्यकता है। 5. यह कि मेरा नाम बैंक आधार कार्ड आदि में मंजू के स्थान पर श्रीमती बिमला उर्फ मंजू के नाम से जाना जाने एवं लिखा जाने तथा पैन कार्ड बनवाने के समर्थन में उक्त शपथपत्र निष्पादित करती हूँ।

**शपथकर्ता**
**मंजू मिश्रा**

**// सत्यापन //**

मै श्रीमती मंजू मिश्रा उम्र 43 वर्ष पति श्री प्रमोद मिश्रा उपरोक्त शपथपत्र की कण्डिका क्र. 01 से 05 तक में वर्णित बाते मेरी निजी जानकारी के अनुसार सत्य व सही है, अतः आज दिनांक 21/02/2024 को स्थान गनियारी में पढ़कर सुनकर व सही जानकर अना हस्ताक्षरित कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**मंजू मिश्रा**



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## एक दिवसीय स्काउटर-गाइडर कार्यशाला, योजनाओं पर की चर्चा



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशन में जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में एक दिवसीय स्काउटर एवं गाइडर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य संगठन की नई योजनाओं, सदस्यता वृद्धि, युवा कार्यक्रमों तथा नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मुख्यालय आयुक्त स्काउट रविश गुप्ता, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला शिक्षा अधिकारी स्काउट विजय कुमार टांडे, विशिष्ट अतिथि सयुक्त राज्य सचिव बीना यादव कार्यशाला में मुख्य रूप से शैलेन्द्र मिश्रा,मो. शादिक शेख,सहायक राज्य आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव, सहायक राज्य आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव, जिला संगठन आयुक्त स्काउट डीगम्बर सिंह कौशिक, जिला संगठन आयुक्त गाइड उतरा मानिकपुरी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को संगठन की गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

जागरूकता

## संस्कृति संगम सेवा समिति ने चलाया अरपा स्वच्छता अभियान




**बिलासपुर।** संस्कृति संगम सेवा समिति की अध्यक्ष सुनैना नायर और सचिव श्वेता पटेल के नेतृत्व में शहर की मुख्य नदी अरपा को स्वच्छ रखने हेतु 'अरपा बचाओ अभियान' चलाया गया। अभियान के दौरान समिति के सदस्यों ने लोगों को जागरूक करने के लिए 'स्वच्छ अरपा स्वस्थ बिलासपुर' के पर्चे रिवर व्यू, पचरी घाट, हैप्पी स्ट्रीट आदि क्षेत्रों में बांटे। साथ ही लोगों से अपील की गई कि नदी में पन्नी, कूड़ा-कचरा न डालें और नदी को प्रदूषण मुक्त रखें। इस कार्य में समिति के सदस्य नम्रता नागदे, श्रद्धा सोनी, पिंकी कश्यप, इला नेताम, जयेश नायर, श्रुति पटेल, ममता नेताम और राहुल का विशेष योगदान रहा। सुनैना नायर ने कहा कि अरपा नदी हमारी पहचान है। इसका स्वच्छ रहना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छ नदी से ही स्वच्छ वातावरण और बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव रखी जा सकती है। भविष्य में भी समिति द्वारा अरपा नदी के तटों की सफाई और जन-जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

उपलब्धि

## कॉन्फ्रेंस में वसुंधरा संस्था रीजन ऑफ़ द ईयर अवार्ड से सम्मानित




**बिलासपुर।** रीजन फोर के रीजन चेयर पर्सन बी. महेश कुमार की रीजन कॉन्फ्रेंस त्रिपुंड शहर में आयोजित किया गया। जिसमें लायंस क्लब वसुंधरा ने सेवा कार्यों में उच्चतम स्थान प्राप्त किया। इन सेवाओं में हंगर सेवा, विजन, पर्यावरण, एनवायरनमेंट सेवा, स्वरोजगार महिला स्वावलंबन, चैरिटी शो आदि शामिल रहा। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सर्वश्रेष्ठ सुधा परिहार, डॉ शोभा त्रिपाठी, रीजन ऑफ द ब्रांड एंबेसडर अर्चना तिवारी, रीजन ऑफ़ द ईयर रश्मि लता मिश्रा, पीएमजेएफ संजना मिश्रा एमजेएफ किरण बाजपेई, शारदा कश्यप, नए मेंबरों में साधना दुबे, सीता तिवारी, रेखा गुल्ला, आत्मीय सम्मान में शोभा चाहिल, सावित्री जायसवाल, हंगर सेवा में मंगला कदम, प्रथम उपाध्यक्ष मंगला देवरस, मंजुला शिंदे, गायत्री कश्यप, मंजू तिवारी, सलमा बेगम, कल्चरल एक्टिविटी में हंसा सेलारका, मंजू मिश्रा, उषा मुदलियार, अंबुज पांडेय, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, सर्वश्रेष्ठ सचिव अर्चना तिवारी, क्लब एक्सीलेंस अवॉर्ड डिस्ट्रिक्ट से प्राप्त साप्ताहिक गतिविधियां मेंटल हेल्थ हंगर, एनवायरमेंट का सम्मान प्राप्त किया।

कार्यक्रम

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने छात्राओं, स्टाफ का किया सम्मान




**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने शासकीय नवीन महाविद्यालय सकरी में कूलर प्रदान किया। जिसे रामकली तिवारी ने अपने पति स्व. नीलकंठ तिवारी और प्रो. डॉ पीडी महंत ने अपने माताजी स्व. दुलसिया दाई की स्मृति में महाविद्यालय को समर्पित किया। जल व पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को छोटी-छोटी पॉलिथीन बोतल में भरकर कॉलेज में जमा करने की प्रेरणा दी गई। पायल, चंचल, विनीता, अदिति यादव ने पॉलिथीन संग्रहित किया तथा पक्षियों के लिए जगह-जगह पानी की व्यवस्था की। इन बच्चों व कॉलेज के प्राध्यापक डॉ पीडी महंत, डॉ श्वेता जायसवाल, प्राचार्य डॉ रूबी मिलहोत्रा को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा मोमेंटो और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्मल कुमार घोष जिला अध्यक्ष, शेफाली घोष जिला महिला अध्यक्ष, मदन मोहन गुल्ला उपाध्यक्ष, रेखा गुल्ला पर्यावरण प्रमुख, रामकली तिवारी संरक्षण सदस्य, रीना झा सदस्य का सहयोग रहा।

# सपनों की उड़ान : छात्राओं ने मारी बाजी आईएएस से लेकर एस्ट्रोनॉट बनने का लक्ष्य

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस वर्ष छात्राओं का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। 10वीं बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने टॉप-10 सूची में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए सफलता का परचम लहराया। अधिकांश स्थानों पर छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा साबित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वहीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में भी छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक हासिल किए। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सफल विद्यार्थियों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल रहा। स्कूलों में भी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों का कहना है कि छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का परिणाम इस सफलता के रूप में सामने आया है। अभिभावकों ने भी बेटियों की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रही ।

### रियल ग्रोथ के छात्रों ने सर्वाधिक अंक किए अर्जित





रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने 10वी बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है। चेयरमेन डी के जयसवाल ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट में स्कूल के छात्रों ने उच्चतम अंक प्राप्त किया है। जिसमें आर्या सिंह चंदेल,हर्षिता कुर्रे व अनुष्का कश्यप ने उच्चतम अंक प्राप्त किया है।

### सैल्फ स्टडी कर 8वी रैंक की हासिल



प्रयास अवासीय विद्यालय रमतला की छात्रा विभा पैकरा ने 10वी सीजी बोर्ड में 97.83 प्रतिशत प्राप्त कर टॉप 8 में जगह बनाई है। इन्होंने बताया कि प्रतिदिन स्कूल से आकर सेल्फ स्टडी करके यह लक्ष्य हासिल किया है। विभा 11वी कक्षा में कॉमर्श लेकर सीए बनना चाहती है, इन्होंने बताया कि स्कूल के शिक्षकों का तैयारी में बहुत सहयोग मिला जिससे यह अंक प्राप्त हो सका है, विभा के पिता बैंक में कैशियर है।

### आईएएस बनना चाहती हैं



प्रयास आवासीय स्कूल की छात्रा लीना साहू ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान प्राप्त किया है। मूलतः भिलाई की रहने वाली लीना के पिता पितांबर साहू भिलाई की कंपनी बीईसी में वेल्डर हैं। लीना को कुल 500 में से 488 अंक के साथ 98 प्रतिशत अंक मिले हैं। लीना गणित लेकर पढ़ाई करना चाहती हैं और आगे आईएएस अफसर बनने का सपना है।

### कलेक्टर बनना लक्ष्य



डिजिटल पब्लिक स्कूल की छात्रा दिव्या यादव ने 10वी सीजी बोर्ड में 84.33 प्रतिशत अंक लाकर गौरवान्वित किया है। इन्होंने बताया कि प्रतिदिन 4 से 5 घंटे पढ़ाई करती थी, 11वीं कक्षा में मैथ्स विषय लेकर आगे की पढ़ाई करने चाहती है। हिव्या ने कहा कि यूपएससी क्लीयर कर कलेक्टर बनना चाहती हूं।

### वंशिका का 12वीं में उच्चतम अंक



आत्मानंद पीएमश्री सरकंडा विद्यालय की छात्रा वंशिका पटेल ने 12वी बोर्ड में 85.8 प्रतिशत लाकर परिजनों का नाम रोशन किया है। वंशिका ने बताया कि नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना चाहती है।

### न्यू मॉडर्न स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन





न्यू मॉडर्न स्कूल चांटीडीह का 10वी कक्षा का रिजल्ट 75 प्रतिशत एवं 12वीं का रिजल्ट 81 प्रतिशत रहा है। अधिकांश विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्य किरन सिंह एवं प्रबंधक नवल किशोर सिंह ने सभी बधाई दी।

### नैंसी का सपना आईआईटियन बनने का



स्वामी आत्मानंद स्कूल चकरभाठा की छात्रा नैंसी ठाकुर ने दसवीं बोर्ड की मैरिट लिस्ट में दसवां स्थान प्राप्त किया है। कालिका नगर तिफरा निवासी नैंसी ठाकुर के पिता चंद्रभान सिंह रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर हैं। मां श्यामला बारगाह हाउसवाइफ है। नैंसी को गणित और विज्ञान में पूरे 100 अंक मिले हैं तो सोशल साइंस में 99, इंग्लिश में 96, संस्कृत में 92, और हिंदी में 98 अंक मिले हैं। नैंसी गणित लेकर आगे पढ़ाई करेंगी।

### एस्ट्रोनॉट बनना चाहती



प्रयास आवासीय स्कूल की छात्रा मौसमी पटेल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में सातवां स्थान मिला है। उन्हें कुल 600 में से 588 अंक के साथ कुल प्रतिशत 98 प्रतिशत अंक मिला है। मौसमी के पिता देवेंद्र कुमार पटेल किसान है और उसी से उनके परिवार की आजीविका चलती है। मौसमी ने बताया कि उन्होंने पूरी पढ़ाई सेल्फ स्टडी से की है।

### डॉक्टर बन करेगी सेवा



सीपत आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्रा माही कश्यप ने 10वी सीजी बोर्ड में 97.67 प्रतिशत अंक लाकर टॉप 9 में जगह बनाई है। माही 11वी कक्षा में बॉयो विषय लेकर आगे की पढाई करेगी और वे डॉक्टर बन लोगों की सेवा करना चाहती है। इन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन 3 से 4 घंट पढाई करती थी,कोचिंग के भी सहयोग से यह अंक अर्जित हुआ है।

### भूमिका ने 10वीं में प्राप्त किए सर्वाधिक अंक



पीएमश्री आत्मानंद कन्या शाला की छात्रा भूमिका सोनी ने 10वीं बोर्ड में 96 प्रतिशत अंक लाकर परिजनों को गौरवान्वित किया है।

### खुशी ने सर्वाधिक अंक लाए



खुशी गुप्ता ने सीजी 10वी बोर्ड परीक्षा में 90.13% अंक प्राप्त कर लिटिल लर्नर स्कूल सीपत से उत्तीर्ण होकर अपने परिवार एवं समाज का मान बढ़ाया है। खास बात यह रही कि उसने गणित में 99 अंक हासिल किया ।

## माता को अंगालम्मा के रूप में सजाया, की गई महाआरती



**बिलासपुर।** बाराखोली स्थित श्री श्री सोलापुरी माता पूजा सेवा समिति द्वारा पूजा महोत्सव के छठे दिन माता का स्वरूप अंगालम्मा के रूप में सजाया गया। अंगालम्मा को दक्षिण भारत में एक शक्तिशाली ग्राम देवी के रूप में पूजा जाता है, जो माँ पार्वती का उग्र स्वरूप मानी जाती हैं और आदि पराशक्ति का प्रतीक हैं। खड़गपुर से आए पंडित पार्थ सारथी, उनके सहयोगी और बाल पुजारियों द्वारा पूजा अर्चना और महा आरती की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद चक्रपोंगलु का वितरण किया गया, जिसे भास्कर द्वारा तैयार किया गया था। महाप्रसाद का सौजन्य जयन्ती मुकुट वाले एवं दीपक पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार विहार के व्यापारी संघ के पदाधिकारी, डॉ विनोद तिवारी एवं पार्षद संजय यादव उपस्थित रहे। विशेष आकर्षण के रूप में खड़गपुर से आए तीन प्रतिभशाली काली नृत्य कलाकार जनार्दन (जना), बिट्टू एवं मंकु ने अपने अद्भुत नृत्य प्रदर्शन से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोलापुरी माता पूजा के सचिव एस. साई भास्कर, बी. शंकर राव,एल श्रीनिवास राव, डी भास्कर राव, आर रवि शंकर, जे गोविंद, टी दिवाकर , इ अप्पा राव, टी गिरधर राव, डॉ एम एस राजू, मुरली सुरी, रवि तेजा एवं अन्य सदस्य शामिल रहे।

## पाणिनीय शोध संस्थान की संगोष्ठी कल




**बिलासपुर।** पाणिनीय शोध संस्थान द्वारा 1 मई को प्रातः 10 बजे से लखीराम आडिटोरियम में विशिष्ट संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इसमें पुष्पा दीक्षित की पौष्पी पाणिनीय प्रक्रिया पर चर्चा होगी। यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा के अद्वितीय संकल्प को जागृत एवं संस्कृत व्याकरण की वैश्विक महत्ता को पुनः रेखांकित करेगा।

- पुष्पा दीक्षित की पौष्पी पाणिनीय प्रक्रिया पर होगी चर्चा

संस्था के सचिव चन्द्रप्रकाश बाजपेयी ने गोंड़पारा में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि संस्कृत व्याकरण विश्व की भाषाविज्ञान परंपराओं में अत्यन्त विशिष्ट स्थान रखता है। इसी परंपरा के अध्ययन को सरल और सुलभ बनाने हेतु आचार्या पुष्पा दीक्षित ने पौष्पी पाणिनीय प्रक्रिया का निर्माण किया है। यह प्रक्रिया पाणिनीय शास्त्र की जटिलताओं को सहज बनाती है और वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति की विलक्षण पहचान स्थापित करती है। आचार्या श्रीमती दीक्षित द्वारा स्थापित पौष्पी पाणिनीय प्रक्रिया विज्ञान प्राचीन शास्त्र परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा के संगम का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पाणिनीय प्रक्रिया के ऐतिहासिक, भाषिक

### पण्डितों का होगा सम्मान

कार्यक्रम में शैक्षणिक व्याख्यान, छात्र प्रतिवेदन और विशिष्ट अतिथियों का उद्बोधन होगा। इन चर्चाओं से पाणिनीय अध्ययन के नवाचार और संरक्षण के लिए नई दिशाएं प्राप्त होने की संभावना है। इस विशेष अवसर पर काशी और जयपुर के शास्त्र पण्डितों का सम्मान किया जाएगा। आयोजकों का विश्वास है कि इस संगोष्ठी से भारतीय शैक्षिक नीतियों में पाणिनीय पद्धति के समावेश हेतु ठोस कदम उठाए जा सकेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा की गहराई और उसकी वैश्विक प्रासंगिकता को पुनः अनुभव किया जा सकेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी तथा सारस्वत अतिथि प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी होंगे। आयोजन के संरक्षक एवं वरिष्ठ विधायक अमर अग्रवाल भी इस आयोजन में अपनी सहभागिता करेंगे।

## ईश्वर को मित्र बनाकर लिखें अपने मन की बात



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित सात दिवसीय 'बाल संस्कार शिविर' के छठवें दिन बच्चों को एक बेहद अनूठा और भावनात्मक अनुभव कराया गया। साथ ही कहा गया कि ईश्वर को मित्र बनाकर अपने मन की बात लिखें।

शिविर की शुरुआत योगाभ्यास और मधुर संगीत के साथ हुई। सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने शिविर में शामिल बच्चों को 'परमात्मा को पत्र' लिखना सिखाया। यह सत्र बच्चों के लिए न केवल लेखन का अभ्यास था, बल्कि अपने भीतर की भावनाओं को ईश्वर के समक्ष व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम बना। बीके स्वाति दीदी ने कहा कि परमात्मा हमारा परम पिता, शिक्षक और सच्चा मित्र है। जिस तरह हम अपने माता-पिता या मित्रों को पत्र लिखकर अपनी बातें बताते हैं, ठीक वैसे ही हम ईश्वर को भी अपने दिल की बात लिखकर बता सकते हैं। उन्होंने बच्चों को समझाया कि जब हम कागज पर अपनी गलतियां, अपनी इच्छाएं और अपनी कृतज्ञता लिखते हैं, तो हमारा मन हल्का हो जाता है और हमें सही मार्ग पर चलने की शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि परमात्मा को लिखा गया पत्र उनके और ईश्वर के बीच का एक गुप्त और पवित्र संवाद है। जब अपनी कमियों को पत्र में लिखकर ईश्वर को समर्पित कर देते हैं, तो वह बोझ हम से हट जाता है और हम स्वयं को हल्का महसूस करते हैं।

### आध्यात्मिक संग्रहालय का अवलोकन

शिविर में शामिल बच्चों को राजयोग भवन में बने अद्वितीय आध्यात्मिक संग्रहालय का अवलोकन कराया गया। जिसमें 250 सजीव व सुंदर मूर्तियों के माध्यम से जीवन के सत्यों को दर्शाया गया है। बीके संतोषी दीदी ने मूर्तियों के माध्यम से बच्चों को कर्मों की गति, आत्मा का स्वरूप और जीवन जीने की कला के बारे में समझाया।

### आज होगा समापन

शिविर का गुरुवार 30 अप्रैल को एक भव्य समारोह के साथ संपन्न होगा। समापन अवसर पर बच्चों द्वारा शिविर में सीखी गई बातों की प्रस्तुति दी जाएगी। सेवाकेंद्र की ओर से अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है ताकि वे देख सकें कि इन सात दिनों में बच्चों के व्यवहार और सोच में क्या सकारात्मक परिवर्तन आया है।

### उसलापुर में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर कल से

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर सेवाकेंद्र में 1 से 10 मई तक दस दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 6 से 12 साल तक के बच्चे हिस्सा ले सकते हैं। शिविर में बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा, मेमोरी पॉवर बढ़ाने मेडिटेशन, आत्मविश्वास बढ़ाने के टिप्स, योगा, एक्सरसाइज, एरोबिक, क्लासिकल डांस, ड्रामा, गेम्स, ड्रॉइंग, पेंटिंग, पेपर क्राफ्ट, हीलिंग व राजयोग मेडिटेशन बच्चों को निःशुल्क सिखाया जाएगा। साथ ही बच्चों का फ्री हेल्थ चेकअप भी होगा।

स्पोर्ट्स न्यूज

## खेल अकादमी में चयन के लिए 204 खिलाड़ियों का परीक्षण







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए आज रायपुर के कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में तीरंदाजी, फुटबॉल और वेटलिफ्टिंग के 204 खिलाड़ियों के खेल कौशल का परीक्षण किया गया। आवासीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन मोटर एबिलिटी एवं खेल कौशल के आधार पर किया जाता है। चयन ट्रायल के तीसरे दिन 30 अप्रैल को हॉकी और एथलेटिक्स अकादमी में चयन के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, मेडिकल और दक्षता परीक्षण किया जाएगा। अगले दिन 1 मई को मापदंडों पर खरे उतरने वाले खिलाड़ियों के खेल कौशल का परीक्षण किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुविधा के लिए आवास, भोजन व मेडिकल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

- हॉकी और एथलेटिक्स खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल 30 अप्रैल और 1 मई को

## खबर संक्षेप

### पिस्टल, जिंदा कारतूस व तलवार सहित दो बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने पिस्टल, जिंदा कारतूस व तलवार सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्कूटी क्रमांक सीजी 31 ए, 9127 में नेहरू नगर गणेश चौक के पास पिस्टल रखकर घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आदर्श कालोनी गौरेला हालमुकाम 27 खोली सांई मंदिर निवासी प्रखर राय पिता विजय राय 21 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक पिस्टल, मैग्जीन, दो जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत पिस्टल, जिंदा कारतूस, स्कूटी जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह कोनी पुलिस के अनुसार, सूचना मिली कि मुख्यमार्ग में एक युवक हाथ में तलवार रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है, जिससे महिलाओं, स्कूली छात्र छात्राओं व कालेज के छात्र छात्राओं को आने जाने में परेशानी हो रही है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर बड़े कोनी निवासी अंकित कुमार यादव पिता संतोष कुमार यादव को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### ट्रैक्टर से उछलकर गिरने से बालक की मौत

ट्रैक्टर से उछलकर गिरने से एक बालक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी टीआई राज सिंह ने बताया, मानिकचौरी खपरी निवासी यश कुमार पिता साधराम गोंड 15 साल 29 अप्रैल को ट्रैक्टर में बैठकर रोजी मजदूरी करने जा रहा था। ग्राम हरदी के पास ट्रैक्टर चालक के द्वारा तेजी से लापरवाही पूर्वक चलाने पर वह नीचे गिर गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उसे इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल लेकर गए तो डाक्टर ने परिक्षण के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मार्निंगवाक पर निकली महिला ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** बीमारी से ग्रसित महिला ने घर से मार्निंग वाक पर निकलकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, देवरीखुर्द निवासी प्रिया निषाद पति अशोक निषाद 43 साल बीमारी से ग्रसित थीं। इलाज के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं आ रहा था। 29 अप्रैल की सुबह वे घर से मार्निंगवाक पर निकलीं और शंकरनगर रेलवे लाइन में ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### स्टंट करने वाले एक्टिवा चालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक्टिवा में स्टंट करते हुए युवक युवती का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा था। पुलिस ने एक्टिवा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गाड़ी जब्त कर लिया है, साथ ही युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। 28 अप्रैल को सोशल मीडिया में एक युवक के एक्टिवा चलाते और दूसरा युवक गर्लफ्रेंड को उल्टा होकर गले लगातार लैला मजनू की तर्ज पर स्टंटबाजी करते वीडियो वायरल हो रहा था। उक्त वीडियो कोनी रोड का बताया जा रहा था। युवक युवती स्टंटबाजी करते हुए अश्लीलता परोस रहे थे साथ ही दूसरे लोगों का जीवनखतरे में डाल रहे थे। कोनी पुलिस ने एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 3241 के चालक कतियापारा निवासी अर्जुन यादव पिता महेश यादव 28 साल को पकड़ लिया गया है।

**केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव** — प्लास्टिक, कागज, कार्डबोर्ड, धातु और कांच की श्रेणियों में अलग करते हुए बिक्री होगी

# कछार में 5 एकड़ में लगेगा एमआरएफ प्लांट, 200 से अधिक टन कचरा होगा रिसाइकिल

**बिलासपुर।** कछार में 5 एकड़ जमीन पर जल्द ही एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसलिटी, सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा) प्लांट लगाया जाएगा। इसका प्रस्ताव नगर निगम की ओर से केन्द्र सरकार को भेज दिया गया है। यह प्लांट कछार में पहले से लगे सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के सामने लगाया जाएगा।



निगम के प्रस्ताव के बाद केन्द्र से आई टीम ने जगह के साथ ही दूसरी सुविधाओं का निरीक्षण किया है। ध्यान रहे कि एमआरएफ एक अत्याधुनिक कचरा प्रबंधन केंद्र है, जहाँ सूखे और मिश्रित कचरे को वैज्ञानिक तरीके से छाटकर प्रोसेस और रिसाइकिल करता है। यह लैंडफिल (कूड़े के ढेर) को कम करने और प्लास्टिक, धातु, कागज जैसे कीमती संसाधनों को अलग कर पुनः बिक्री के योग्य बनाता है। निगम ने जो प्रस्ताव बनाया है उसके मुताबिक एमआरएफ प्लांट में 200 से अधिक टन कचरे को प्लास्टिक, कागज, कार्डबोर्ड, धातु और कांच जैसी विभिन्न श्रेणियों में अलग किया जाएगा। इसके बाद इसे गीले और सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से डिस्पोजल होगा। रिसाइकिल योग्य सामग्री को अलग करके उन्हें बेचते हुए कमाई की जाएगी। इससे लैंडफिल ( जमीन का वह हिस्सा या गड्ढा,जिसका उपयोग कचरे को व्यवस्थित रूप से दबाकर और दफन करके निपटाने के लिए किया जाता है) पर बोझ कम होगा। साथ ही शहर को साफ रखने और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार भी होगा।

### एसएलआरएम सेंटर से पहुंचेगा कचरा

निगम ने जो प्रस्ताव बनाया है उसके तहत एमआरएफ प्लांट में कचरा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचेगा। यह सेंटर पहले से ही शहर में चल रहे हैं। गौरतलब है कि नगर निगम सीमा क्षेत्र का वर्ष 2019 में विस्तार करते हुए 1 नगर पालिका परिषद, 2 नगर पंचायत और 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। नए क्षेत्रों में कचरा कलेक्शन के लिए नगर निगम ने स्वयं के टिपर वाहनों की व्यवस्था की थी। साथ ही करीब 3 वर्ष पूर्व नए क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे से वर्मी कंपोष्ट खाद बनाने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आधा दर्जन एसएलआरएम बनावाए थे।

### 35 करोड़ रुपए में लगे पहले प्लांट का क्या होगा

गौरतलब है कि कछार में ही निगम का सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पहले ही हैं जहां गीले और सूखे कचरे को अलग किया जाता है। इस प्लांट को लगाने में रामके ने करीब 35 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यहां सूखे कचरे से सीमेंट तो गीले कचरे से खाद बनाकर कंपनियों को बिक्री की जा रही है। निगम ने रामके कंपनी से 2017 में 15 सालों के लिए एग्रीमेंट किया है जो कि 2032 तक चलेगा। इसके साथ ही रोजाना 220 टन कचरा कछार के इस प्लांट में पहुंचता है जिसे शहर भर से इकट्ठा करने के लिए रामके की 110 गाड़ियां चलती हैं। सवाल यहां यह है कि जब शहर भर का कचरा रामके के पास पहुंचता है तो नया लगने वाले एमआरएफ प्लांट में कौन सा कचरा पहुंचेगा। निगम फिलहाल 3 हजार रुपए प्रति टन कचरा डिस्पोजल का भुगतान भी रामके को कर रहा है। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि टैक्निकल पहलुओं पर गौर किया जा रहा है।

### 37 श्रेणियों में होगा कचरे का विभाजन

घर-घर से कचरे को एमआरएफ सेंटर लाया जाएगा। इसे 20 जैविक और 17 अजैविक श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। इसमें जानवरों के खाने योग्य सामग्री गायों को खिला दिया जाएगा। जैविक कचरे में से ताजा सब्जियों के अवशेषों जैसे अण्डे के छिलके, संतरे के छिलके इत्यादि को अलग करके धूप में सुखाया जाएगा। बाकी जैविक कचरे को एक प्लेटफार्म पर इकट्ठा कर गोबर मिलाकर पैंतालिस दिन ढककर छोड़ दिया जाएगा जो खाद में परिवर्तित दूसरी ओर अजैविक कचरे को कागज, गत्ता, धातु, प्लास्टिक इत्यादि 17 श्रेणियों में अलग किया जाएगा। इनमें भी प्लास्टिक कवर को 22, प्लास्टिक आइटम 31, मेटल 5, रबड़ आइटम 8 और बोतल आयटम को 15 किस्मों में बांटा जाएगा। साथ ही कागज को 13 और कार्डबोर्ड 9 किस्मों के आधार पर अलग करते हुए सामग्री को उच्चतम दर तय करके बिक्री की जाएगी।

**शहर को स्वच्छ रखा जाएगा**

स्मार्ट सिटी 2.0 के तहत शहर में पूर्व से संचालित सालिड वेस्ट मैनेजमेंट को और अधिक ढंग से प्रभावी बनाया जाएगा। पूरे शहर को स्वच्छ रखने विशेष कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। इसके तहत कचरे से बिजली बनाई जाएगी। खासकर खाद से सीएनजी तैयार करने की योजना है। शहरी क्षेत्रों में सर्कुलर अर्थ व्यवस्था हासिल करने के कचरे से खाद बनाने वाले संयंत्र और कचरे से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। आने वाले 5 वर्षों में बिलासपुर को पूरी तरीके से स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त



बगैर अनुमति संचालित हो रहा ईंट भट्ठा, शासकीय भूमि पर कब्जे का अंदेशा

# एयरपोर्ट के पीछे ईंट भट्ठा, खनिज विभाग को पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा स्थित बिलासादेवी केंवट एयरपोर्ट के पीछे विगत लंबे समय से ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है, लेकिन इसके संचालन के लिए किसी भी तरह की अनुमति लिए जाने के संबंध में खनिज विभाग ने अनभिज्ञता जताई है। सूत्रों के अनुसार संचालित ईंट भट्ठा शासकीय भूमि पर खड़ा है, लेकिन इस संबंध में राजस्व विभाग को भी किसी तरह की जानकारी नहीं है।

चकरभाठा एयरपोर्ट के आसपास सेना के कब्जे वाली भूमि में कुछ लोगों के द्वारा अवैध ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए खनिज विभाग से किसी भी तरह की विधिवत स्वीकृति नहीं ली गई है। क्षेत्र के लोगों के अनुसार ईंट भट्ठे का संचालन शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कच्ची मिट्टी से ईंट बनाने के लिए काफी बड़ा क्षेत्र घेरा गया है, वहीं ईंट को पकाने के लिए भी बड़ा भट्ठा बनाया गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार कब्जा की गई भूमि सैन्य छावनी के लिए अधिग्रहित की गई भूमि है, जिसका सेना के द्वारा उपयोग नहीं करने की स्थिति में आसपास के लोगों के द्वारा अनुचित तरीके से अवैध कब्जा कर उपयोग किया जा रहा है।



### जांच कराई जाएगी

चकरभाठा में ईंट भट्ठे के संचालन के लिए कोई स्वीकृति तो नहीं ली गई है। इसके बाद भी ईंट भट्ठा संचालित है तो इसकी जांच करा ली जाएगी।

-किशोर कुमार गोलघाटे
उपसंचालक खनिज विभाग

### शिकायत नहीं मिली

चकरभाठा एयरपोर्ट के आसपास कुछ कुम्हारों के द्वारा ईंट बनाने का काम करने की जानकारी है, लेकिन शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से बिना अनुमति ईंट भट्ठे के संचालन जैसी कोई शिकायत नहीं मिली है। इसकी जांच करवा लेते हैं।

-संदीप साय, तहसीलदार बोदरी

**यात्रियों के हंगामे से ट्रेनें प्रभावित**

# 6 दिन में 89 यात्रियों ने की ट्रेन के एसी बंद की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में स्लीपर के बजाय ज्यादातर यात्रियों की पहली पसंद एसी कोच हो गई है, लेकिन अचानक एसी बंद होने के कारण यात्री हलाकान हो रहे हैं। इस तरह की घटना पिछले 6 दिन के दौरान बिलासपुर डिवीजन में पहुंचने वाली पांच ट्रेनों में हो चुकी है, जिसमें हलाकान यात्रियों के हंगामे ने ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित किया है।

गर्मी की छुट्टियां शुरु होने के साथ ही बाहर आने-जाने वाले लोगों की भीड़ शुरु हो चुकी है। इसी तरह का हाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म और ट्रेनों में हो चुका है। बच्चों के साथ उनके परिजन भी बाहर आना-जाना कर रहे हैं। छुट्टियों में बाहर जाने के लिए कई लोगों ने रेलवे नियम के अनुसार और ट्रेन के संबंधित तिथि से रवाना होने के दो माह पहले ही बुकिंग कर रखी है, ताकि उनका सफर आरामदायक हो सके। कई लोग ट्रेन रवाना होने के 24 घंटे पहले यानि तत्काल और प्रीमियम तत्काल का भी सहारा ले रहे हैं। वर्तमान में भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। गर्मी से बचने के लिए लोग पेड़ों की छांव ढूंढते हैं, वहीं घर व व्यवसायिक संस्थानों में एसी कूलर पंखों का उपयोग 24 घंटे हो रहा रहा है। वहीं ट्रेनों में यात्री स्लीपर और जनरल कोच के बजाय अब एसी कोच में जाना पसंद कर रहे हैं। यात्रियों के आसपास का सफर तो ठीक रहता है, लेकिन लंबी दूरी की ट्रेनों के एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों का भी बुरा हाल होने लगा है। ट्रेनों के एक्सक्यूटिव थर्ड एसी, थर्ड एसी, सेकेंड एसी और फर्स्ट एसी कोच के एसी बीच रास्ते में ही खराब हो रहे हैं, जिसके कारण कोच पूरी तरह से बंद होने की वजह से यात्रियों को भी परेशानी हो रही है। इसी तरह एसी बंद होने के कारण हलाकान यात्रियों के हंगामे की घटना प्रतिदिन की हो गई है। बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर जोनल स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों में आने-जाने वाली ट्रेनों के करीब 89 से अधिक यात्रियों ने पिछले 6 दिन के अंतराल में एसी बंद के कारण हंगामा मचाकर ट्रेन परिचालन प्रभावित किया है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए स्टेशन में तत्काल सुधार कार्य कराया जा रहा है।



**इन ट्रेनों में की गई शिकायत**

- 08867 गोंदिया से रक्सौल समर स्पेशल के 35 यात्रियों ने
- 07052 रक्सौल से तिरूपति समर स्पेशल एक्सप्रेस के 16 यात्रियों ने
- 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस के 15 यात्रियों ने
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 13 यात्रियों ने
- 12834 हावड़ा-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 10 यात्रियों ने

# भीषण गर्मी में पेड़ों की कटाई करने वाले आरोपी पकड़े नहीं गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बावजूद मरवाही के जंगल में सैकड़ों पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। इसकी जांच भी शुरु कर दी गई है, लेकिन अब तक आरोपी विभाग के हाथ नहीं लग सके हैं। दूसरी ओर रायपुर से आई टीम ने मौके पर 2 लाख 60 हजार रुपए की कटी हुई लकड़ी पड़ी मिली। वहीं दूसरे स्थान पर विभाग ने 1 लाख 75 हजार रुपए का सागौन व अन्य प्रजातियों की लकड़ी देखा, जिसका आंकलन कर्मचारियों ने नहीं किया था। इन कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी हो रही है।

- मौके पर दिखाई दी एक लाख 75 हजार की लकड़ी

बिलासपुर वन वृत्त के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के जंगल की है, जहां वन माफिया और लकड़ी तस्करों ने सागौन, साल जैसे बेशकीमती पेडों की अंधाधुंध कटाई कर दी है। रायपुर मुख्यालय से स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने मौके पर पहुंचकर जंगल के बीच बड़ी संख्या में पेड़ों के ठूंठ चारों ओर देखा। टीम ने सबसे पहले पीपरखूंटी बीट में पहुंचकर जांच की। जहां जंगल के अंदर सागौन व साल के 122 से अधिक ठूंठ पाए गए। टीम ने मौके पर मौजूद वन कर्मचारियों से ठूंठ की गिनती करने के अलावा कटाई कितने समय से चल रही थी, इसका भी आंकलन किया। टीम ठाढ़ पथरा, आमानाला बीट पहुंची, जहां बाहर से घना दिखाई देने वाला जंगल अंदर से उजाड़ नजर आया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पेड़ों की कटाई के लिए आधुनिक इलेक्ट्रानिक आरा मशीन का उपयोग किया गया। विभागीय अफसरों के अनुसार मरवाही के जंगल में कटाई कक्ष क्रमांक 2305 में की गई है। मामले की जांच शुरु करने के साथ ही उक्त बीट के बीट गार्ड दीपक सिदार को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं पेड़ों की कटाई का आंकलन किया जा रहा है। रायपुर से आई उड़नदस्ता की टीम ने मरवाही के जंगल में जांच के दौरान पेड़ों की ठूंठ और लकड़ियों के संबंध में कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई थी। टीम को मौके पर सागौन, साल सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी मिली थी, जिसकी कीमत 2 लाख 60 हजार रुपए के करीब थी। इसके अलावा वहां पड़ी लकड़ियों कें संबंध में कर्मचारियों ने किसी तरह की जांच करने से मना कर दिया। इन लकड़ियों की कीमत करीब 1 लाख 75 हजार के करीब थी, कर्मचारियों ने भी मामले को दबाने की काफी कोशिश की, जिनके खिलाफ भी जांच चल रही है।



### ढ़ाई घन मीटर सागौन मिली

कर्मचारियों ने पूछताछ में बताया कि गिरी पड़ी लकड़ियों को उनकी ओर से संज्ञान में नहीं लिया गया। दूसरे दिन जांच में 1 लाख 75 हजार रुपए की ढ़ाई घन मीटर सागौन की लकड़ी भी मौके पर मिली। कर्मचारियों ने भी मामले को संज्ञान में नहीं लिया। कमेटी बनाकर लकड़ी को जब्त करने के बाद पीओआर कर दिया गया है। फिलहाल रिपोर्ट के बाद लकड़ी और अन्य तथ्यों का आंकलन किया जा रहा है।

-ग्रीष्मी चांद
डीएफओ, मरवाही वन मंडल

### सूने मकानों में चोरी करने वाला शातिर चोर पकड़ा गया

**बिलासपुर।** मंगला क्षेत्र के दर्जनों सूने मकानों में चोरी करने वाले शातिर चोर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पिछले कुछ समय से चोर गिरोह सक्रिय होकर मंगला क्षेत्र के सूने मकानों को टारगेट में बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर सोने चांदी के जेवर, नकद चोरी कर रहा था। लगातार चोरी की वारदात से पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सिविल लाइन पुलिस चोरों के पतासाजी में जुटी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने मध्य प्रदेश कटनी में दबिश देकर संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। खबर है कि संदेही ने मंगला क्षेत्र में दर्जनों सूने मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उससे चोरी गए जेवर व नकद बरामद किया जा रहा है। 30 अप्रैल को पुलिस के उच्च अधिकारियों के द्वारा मामले का खुलासा किया जाएगा।

### बिक्री कराने का झांसा देकर कार लेकर भागे दो युवक, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिक्री कराने का झांसा देकर दो युवक एक व्यक्ति की कार लेकर भाग गए है। पुलिस धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा निवासी सर्वेश कश्यप पिता स्व. रामस्वरूप कश्यप ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी मां की तबियत खराब होने से इलाज के लिए पैसे की आवश्यकता थी, उन्होंने अपने परचित विजय उर्फ विक्की सिदारा को अपने ग्लेंजा कार क्रमांक सीजी 04 एमटी, 0027 को बेचने की इच्छा जाहिर की। विजय उर्फ विक्की सिदारा उक्त कार को बिक्री करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपनी कार को 5 लाख 11 हजार रुपए में बिक्री करने के लिए कहा तो वह तैयार हो गया। 7 सितंबर 2025 को विजय उर्फ विक्की सिदारा उन्हें कार के साथ रायपुर लेकर गया और संजय महानंदा से परिचित कराया। संजय महानंदा ने कार खरीदने की बात कहते हुए अपने पास रख लिया और एक दो दिन में पैसा देने का आश्वासन दिया। उसके बाद उनके बैंक खाते में 60 हजार रुपए डाला गया। शेष राशि नहीं दी गई, पैसा मांगने पर धमकी दी जा रही है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर विजय उर्फ विक्की सिदारा, संजय महानंदा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# छात्रों ने एयू का किया घेराव, मूल्यांकन को लेकर उठाए सवाल

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षा के घोषित परिणामों को लेकर छात्रों ने बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के बैनर तले यूनिवर्सिटी का घेराव किया। इस घेराव में शासकीय जेएमपी कालेज तखतपुर एवं गर्ल्स कालेज के छात्र-छात्राएं शामिल थे। छात्रों ने मांग पूरी नहीं होने पर यूनिवर्सिटी में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

अटल यूनिवर्सिटी का यह घेराव सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में छात्रों को शून्य अंक देकर फेल किए जाने और परीक्षा में उपस्थिति के बाद अनुपस्थित दर्शाने तथा विभिन्न विषयों में केवल 1 या 2 नंबर दिए जाने के विरोध को लेकर किया गया। घेराव के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया गया, जिसके चलते हंगामा की स्थिति निर्मित हो गई और यूनिवर्सिटी में पुलिस भी पहुंच गई थी। छात्र-छात्राओं द्वारा जब इस विषय को लेकर रजिस्ट्रार तारणीश गौतम से मिलने की बात कही गई तो रजिस्ट्रार से उनसे मिलने से इनकार कर दिया। इससे छात्र आक्रोशित हो गए और सीधे कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया से मिलने पहुंचे। छात्रों ने कुलपति को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए तत्काल छात्रहित में उचित कार्यवाही की मांग की। कुलपति ने छात्रों की बात सुनकर आश्वासन दिया कि सभी पीड़ित छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं का शीघ्र पुनर्मूल्यांकन कराया जाएगा तथा छात्रहित में उचित निर्णय लिया जाएगा।

### रजिस्ट्रार के साथ बहसबाजी

प्रदर्शनकारी छात्रों और कुलपति प्रो. पटेरिया के बीच बातचीत चल रही थी। इसी बीच यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार तारणिश गौतम और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के बीच बहसबाजी हुई। रंजीत ने आरोप लगाया कि रजिस्ट्रार जैसे प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारी छात्रों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और जिम्मेदारियों से बचने का प्रयास कर रहे हैं। छात्रों से मिलने से इनकार करना प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है। इस दौरान रजिस्ट्रार श्री गौतम वहां से उठकर जाने लगे, जिससे हंगामा होने लगा और कुलपति ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को संभाला। उन्होंने सभी प्रभावित छात्रों से उनकी अंकसूची जमा कराकर पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411